


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-289 सीहोर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## अरविंद केजरीवाल की शिकायत पर चुनाव आयोग ने लिया बड़ा एक्शन

### प्रवेश वर्मा के खिलाफ होगी जांच



नई दिल्ली(ए)। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की शिकायत पर चुनाव आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी को शिकायत की जांच करने और तथ्यों का पता लगाकर आदर्श आचार संहिता के मुताबिक तत्काल उचित कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही इस संबंध में कार्रवाई की रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। आम आदमी पार्टी की ओर से अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की थी।

**केजरीवाल ने सीईसी से प्रवेश वर्मा की शिकायत की**

इससे पहले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त **(सीईसी)** राजीव कुमार से मुलाकात कर बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा की शिकायत की। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर उन्हें एक चिट्ठी सौंपी। केजरीवाल ने चिट्ठी में आरोप लगाया है कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को खुले में 1100 रुपये बांट रहे हैं। वो सरासर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रवेश वर्मा नौकरियों का झांसा देकर वोट मांग रहे हैं। इसके अलावा केजरीवाल ने मांग की है कि डीईओ को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर किया जाए।

### शंभू बॉर्डर पर किसान ने की आत्महत्या

चंडीगढ़ (ए)। शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में किसान ने सल्फास निगलकर आत्महत्या कर ली। किसानों के मुताबिक गुरुवार सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान ने सल्फास खाई। जैसे ही इस बारे में पता चला तो उसे तुरंत मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उसे पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया।किसान रेशम सिंह (55) तरनतारन जिले के पहूविंड का रहने वाला था। किसान नेता तेजबीर सिंह ने कहा कि रेशम शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। इससे पहले भी 14 दिसंबर को किसान रणजोध सिंह ने सल्फास निगल लिया था। वह उस दिन दिल्ली कूच न करने देने से नाराज हुआ था। करीब 4 दिन बाद उसकी पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में मौत हो गई थी।

### म.प्र में चली शीतलहर,15 जिलों में बारिश की संभावना

भोपाल (निप्र)। लगातार सर्द हवाएं चलने से प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को मैदानी क्षेत्रों में सबसे कम तीन डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस पर रहा।आठ शहरों में शीतलहर का प्रभाव रहा। दिन का सबसे कम 21.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रीवा एवं सीधी में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छा सकते हैं। ग्वालियर, चंबल संभाग में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को भोपाल, शाजापुर, शहडोल, जबलपुर, मंडला, सिवनी, सीहोर एवं नीमच में शीतलहर का प्रभाव रहा। भिंड, ग्वालियर, छतरपुर, पन्ना, सतना, मऊगंज में हल्का कोहरा रहा। गुरुवार को सभी शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। वर्तमान में उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम बना हुआ है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अब रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। शुक्रवार को कहीं-कहीं आंशिक बादल भी छा सकते हैं। ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो सकती है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन में बांके बिहारी लाल के किए दर्शन




भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वृंदावन के कण-कण में कृष्ण और रज-रज में राधे रानी का वास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को अपने मथुरा प्रवास के दौरान कन्हैया की लीला स्थली वृंदावन में स्वस्तिवाचन के साथ सांवरे सलोने ठाकुर जी और ठकुरानी श्री राधिका रानी के युगल विग्रह रूप श्री बांके बिहारी लाल के दर्शन भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बांके बिहारी लाल के दर्शन कर जीवन कृतार्थ हो गया। उन्होंने श्री बांके बिहारी से अपने भक्तों के कष्टों को दूर करने और सभी का कल्याण करने की प्रार्थना की।

**कुल्हड वाली लस्सी का लिया आनंद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन में दर्शन के बाद सपरिवार कुल्हड़ वाली लस्सी का आनंद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हजारों की संख्या में मौजूद भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों के बीच वृंदावन के भक्तिमय वातावरण ने लस्सी का आनंद दोगुना कर दिया। दुकानदार द्वारा लस्सी का पेमेंट यूपीआई से लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह नए और बदलते भारत का प्रतीक है।

## डब्ल्यूएचओं ने कर दिया साफ कहा- एचएमपीवी महज सर्दियों में होने वाला सामान्य संक्रमण




जिनेवा (ए)। सर्दियों के दौरान सांसो से जुड़े संक्रमण में बढ़ोतरी और ह्यूमन मेटाप्नूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अधिकारी मार्गरेट हैरिस ने इसको लेकर पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सर्दियों और वसंत ऋतु के दौरान श्वसन संक्रमणों का बढ़ना सामान्य है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि बीते दिनों एचएमपीवी ने भारत में भी दस्तक दे दी है। देश में एचएमपीवी के 5 नए मामले सामने आए थे। इनमें से 2 मामले कर्नाटक में, 2 तमिलनाडु में और 1 गुजरात में मिले थे। हालांकि केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया था कि इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

मार्गरेट हैरिस ने यह भी कहा कि चीन में श्वसन संक्रमण के जो मामले सामने आ रहे हैं, वे सामान्य स्तर पर हैं और सर्दियों के मौसम में इस तरह के मामले अक्सर आते रहते हैं। उन्होंने बताया कि चीन में अस्पतालों का उपयोग दर पिछले साल की तुलना में इस समय कम है और किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति घोषित नहीं की गई है। हैरिस ने यह स्पष्ट किया कि ह्यूमन मेटाप्नूमोवायरस कोई नया वायरस नहीं है। इसे पहली बार 2001 में पहचाना गया था और यह लंबे समय से मानव आबादी में मौजूद है। यह वायरस सर्दियों और वसंत के मौसम में सक्रिय होता है और इसके लक्षण सामान्य सर्दी जैसे होते हैं। उन्होंने बताया कि चीन के रोग नियंत्रण केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, मौसमी इन्फ्लुएंजा वायरस सबसे ज्यादा मामलों में सामने आ रहा है। दिसंबर के अंत में इन्फ्लुएंजा के लिए टेस्ट पॉजिटिविटी रेट 30प्रतिशत से अधिक थी, जो आउटपेशेंट और आपातकालीन विभागों में फ्लू जैसे लक्षणों के साथ प्रस्तुत होने वाले मरीजों के लिए सामान्य है।

हैरिस ने संक्रमण से बचाव के लिए सरल उपाय अपनाने की सलाह दी है। ये वही उपाय हैं, जो कोविड-19 के दौरान सुझाए गए थे।

## दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को इंदौर निवासी श्री कालरा जी के निवास में कुछ बदमाशों द्वारा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने एवं नाबालिग बच्चे से दुर्व्यवहार करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने घटना को संज्ञान में लेकर पुलिस को गंभीरतापूर्वक दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि घटना के संबंध में इंदौर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य लोगों से पूछताछ कर 9 आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है। इनमें से 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। घटना में नाबालिग से दुर्व्यवहार करना भी शामिल था, इसलिए आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है।

## सीतापुर में बदमाशों ने की फायरिंग, ग्रामीणों और बदमाशों के बीच हुई मारपीट, इलाज के दौरान एक बदमाश की मौत

सीतापुर (आरएनएस)। जनपद सीतापुर के थाना सकरन क्षेत्र स्थित भडौली लखनियापुर गांव में बीती रात एक गंभीर घटना घटी। अज्ञात बदमाशों ने चोरी की नीयत से फुद्दी यादव के घर में घुसने की कोशिश की, लेकिन आहट मिलने पर गांव के ग्रामीणों ने घेराबंदी शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने भागने की कोशिश की, और एक कटीले तार से एक ग्रामीण, वेद प्रकाश, घायल हो गए।ग्रामीणों ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, तब बदमाशों ने जवाबी फायरिंग की। इसमें एक गोली वेद प्रकाश के पेट में लगी, जिसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर भेजा गया। फायरिंग के दौरान एक अज्ञात बदमाश भी घायल हुआ। दोनों को सीएचसी लहरपुर में भर्ती कराया गया, जहां से बदमाश को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान बदमाश की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बदमाशों की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। घायल ग्रामीण का इलाज जारी है। यह घटना गांव में सनसनी फैलाने वाली रही, और पुलिस अब पूरी घटना की गहनता से छानबीन कर रही है।

### मेरठ में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या, कल से लापता था परिवार, गेट पर लटका था ताला

मेरठ. (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में लिसाड़ी गेट इलाके में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई. मृतक मोईन, उस्की पत्नी और 3 बच्चों की लाश एक कमरे में मिली. यह परिवार कल से लापता था. आज उसी घर में लाश मिली हैं. पति-पत्नी के शव चादर में लिपटे मिले. बेड बॉक्स के अंदर बच्चों की लाश पड़ी मिली. घर के गेट पर बाहर ताला लटका हुआ था. 70 गज के पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा था. घर में चारों तरफ खून के छींटे बिखरे हुए थे. फोन भी बंद था. लोगों को शक हुआ तो ताला तोड़ा गया. जैसे ही परिवार के सदस्य घर के अंदर पहुंचे तो 5 सदस्यों की लाश मिली।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति भगदड़ में घायल एक व्यक्ति से तिरुपति के एक अस्पताल में मुलाकात की.

### खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति मुर्मु की मेघालय यात्रा रद्द

शिलांग (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गुरुवार को निर्धारित मेघालय यात्रा खराब मौसम के कारण रद्द हो गई है। राष्ट्रपति को मेघालय के री-भोई जिले के उमियाम में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करना था। आईसीएआर के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ने खराब मौसम के कारण राज्य का अपना दौरा रद्द कर दिया है। उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।हालांकि, उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मेघालय के राज्यपाल चंद्रशेखर एच. विजयशंकर और मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा शामिल होंगे।

## 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए गुड न्यूज , साल में दो बार होंगी बोर्ड की परीक्षाएं; लागू होगा समेस्टर सिस्टम



नई दिल्ली (आरएनएस)। 10वीं तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अगले साल से स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आने वाले शैक्षणिक वर्ष (2026-27) में बोर्ड एग्जाम्स में बड़े अपडेट्स का ऐलान किया है। उन्होंने कहा की अगले शैक्षणिक साल से 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन साल में दो बार किया जाएगा। सेमेस्टर सिस्टम भी लागू हो सकता है। छात्रों के पास दोनों परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प होगा। उनका मानना है कि ऐसा करने से बोर्ड परीक्षा में छात्रों पर पढ़ाई का तनाव कम होगा।शिक्षा मंत्री ने कहा की साल में दो बोर्ड परिक्षा की शुरुआत सीबीएसई बोर्ड एग्जाम से लागू होगी, लेकिन इसे अन्य स्टेट बोर्ड भी लागू कर सकते है।

### धनबाद में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में फायरिंग और बमबारी, सांसद का दफ्तर फूंका

धनबाद (आरएनएस)। धनबाद जिले की खरखरी कोलियरी में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाली एक कंपनी में वर्चस्व को लेकर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो नेता कारू यादव के समर्थकों के बीच गुरुवार को खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग और बमबारी की गई। इसमें 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।संघर्ष को रोकने पहुंची पुलिस भी उपद्रवियों का निशाना बनी। बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह सिर पर चोट लगने से जख्मी हो गए हैं। उपद्रवियों ने मधुबन थाना क्षेत्र में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दफ्तर में आग लगा दी। हिंसक झड़प में कम से कम 10 बाइक भी आग के हवाले कर दी गई। बताया जाता है कि धनबाद जिले के बाघमारा इलाके में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की खरखरी कोलियरी में हिलटॉप राइज नामक कंपनी आउटसोर्सिंग के आधार पर काम करती है। यहां कंपनी की ओर से बाबूडीह स्थित एक परिसर में बाउंड्री निर्माण कराया जा रहा था। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थक बाउंड्री निर्माण का विरोध कर रहे थे, जबकि कारू महतो के समर्थक बाउंड्री का निर्माण शुरू कराने पर अड़े थे।दरअसल, दो दिन पहले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल जीएम से मिलकर कहा था कि स्थानीय लोगों को नौकरी दिए बिना काम शुरू नहीं कराया जाए। दूसरी तरफ गुरुवार को कारू महतो के समर्थक काम शुरू कराने पहुंचे थे। इसे लेकर टकराव हुआ। दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। देखते-देखते दोनों तरफ से बम और गोलियां चलने लगीं। पूरा इलाका धमाकों से थर्रा उठा। संघर्ष की सूचना पाकर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल पर जाने से पुलिस की टीम डरती रही। मधुबन और धर्माबांध थाना पुलिस के जवान भाग खड़े हुए।




### महाकुंभ में साध्वी बनकर रहेंगी स्टीव जॉब्स की पत्नी, दो सप्ताह करेगी तप

नई दिल्ली(आरएनएस)। यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। जिसमें एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जाब्स की पत्नी लारेन पावेल जाब्स मेले में हिस्सा लेने जा रही है। जहां, पॉवेल साध्वी बनकर महाकुंभ में दो सप्ताह तक तप करेंगी। वो कल्पवास में समय बिताएंगी।रिपोर्ट के अनुसार, पॉवेल निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद के शिविर में रहेंगी। उनसे विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लेने और संगम में पवित्र डुबकी लगाने की उम्मीद है, जिससे वे महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को पूरी तरह से आत्मसात कर सकेंगी। उनका प्रवास 29 जनवरी तक चलेगा। ऐसा कहा जाता है कि कल्पवास करने से मन माफिक इच्छा का फल मिलता है। इससे जन्म-जन्मांतर के बंधनों से मुक्ति मिल जाती है। संगम पर माघ के पूरे महीने साधना को कल्पवास कहा जाता है। महाभारत के अनुसार, 9 साल तक बिना कुछ खाए-पीए तपस्या करने के फल के बराबर माघ मास के कल्पवास जितना फल प्राप्त होता है।

## एनडीए के सभी घटक दल मजबूती से लड़ेंगे बिहार का चुनाव और 225 सीटें जीतेंगे : चिराग पासवान




पटना ,(आरएनएस)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को दावा करते हुए कहा कि बिहार में आगामी चुनाव एनडीए के सभी घटक दल एक साथ मिलकर मजबूती से लड़ेंगे और 225 सीटें जीतकर सरकार भी बनाएंगे।

पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा, जो लोग भी यह प्रयास कर रहे हैं और जो लोग यह मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं कि एनडीए में किसी प्रकार की टूट हो या एनडीए का कोई घटक टूटकर विपक्षी दलों के गठबंधन की तरफ जाए, तो साफ है कि यह नहीं होने वाला है।

उन्होंने जोर देकर कहा, एक बात तय है कि आगामी बिहार विधानसभा का चुनाव एनडीए के सभी पांचों घटक दल एक साथ पूरी मजबूती के साथ न सिर्फ लड़ेंगे, बल्कि, एनडीए की मजबूत सरकार विधानसभा चुनाव के बाद बनेगी।

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख ने कहा कि हम 225 से ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में सरकार बनाने जा रहे हैं।

उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, मैं लाठीचार्ज का कतई पक्षधर नहीं हूं। छात्रों की बातों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उनकी हर उचित मांग को पूरा किया जाना चाहिए। उन पर लाठी चलाना कहीं से उचित नहीं है। छात्रों से बातचीत का दरवाजा हमेशा खुला रहना चाहिए, इसका मैं पक्षधर हूं।हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सड़कों पर उतरे थे, जिस पर पुलिस ने पहले पानी की बौछार की थी और उसके बाद लाठीचार्ज किया गया था। इसमें कई अभ्यर्थी घायल हुए थे। इस घटना के बाद विपक्षी दल लगातार सरकार पर निशाना साध रहे हैं।



# विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के प्रतिभावान छात्रों को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## फ्री कोचिंग के लिये बडी फॉर स्टडी पोर्टल पर किया गया था आवेदन

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में सबका साथ-सबका विकास के ध्येय वाक्य को मूर्तरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश में विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय के छात्रों को निशुल्क प्रशिक्षण के प्रबंध सुनिश्चित किये जा रहे हैं। इसके लिये बडी फॉर स्टडी पोर्टल पर जिलों के विभागीय सहायक संचालकों के माध्यम से आवेदन कराये गये। इसके सकारात्मक परिणाम मिले और प्रशिक्षण के लिये 97 विद्यार्थियों का चयन किया गया।



विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय कल्याण विभाग ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा गठित राष्ट्रीय विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय कल्याण और विकास बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित स्श्वश्ष्ठ परियोजना लागू की है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर और अपर मुख्य सचिव अजित केसरी के निर्देशन में 11 नवंबर 2024 को राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें समस्त जिलों के विभागीय सहायक संचालकों को निशुल्क प्रशिक्षण आवेदन प्रक्रिया के लिये प्रशिक्षित किया गया। उनके द्वारा विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग के लिये प्रेरित कर आवेदन कराये गये।

राष्ट्रीय बोर्ड विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय कल्याण एवं विकास बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित सीड परियोजना अंतर्गत इन समुदायों के सशक्तिकरण के लिये प्रथमतः चार घटक आवास, अजीविका, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य लक्षित है। योजना के शिक्षा घटक के अंतर्गत विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के छात्र/छात्राओं को फ्री कोंचिग योजना बडी फॉर स्टडी के माध्यम से इस वर्ष प्रथम बार संचालित की जा रही है।

योजना में अशोकनगर - 04, बड़वानी-01, भोपाल-02, बुरहानपुर -01, देवास-01, गुना-08, ग्वालियर-06, इंदौर-31, जबलपुर -01, कटनी-01, खंडवा-01, खरगौन-15, पन्ना-02, सागर-06, सतना-12, उमरिया-02, बैतुल-01, छिंदवाड़ा -01, रायसेन-01 राष्ट्रीय स्तर पर फ्री कोचिंग प्रदान करने वाला मध्यप्रदेश तीसरा प्रदेश है।

## स्पा सेंटर मामला : आरोपितों को जेल का डर दिखा आरक्षकों ने की वसूली

भोपाल(आरएनएस)। छह साल बाद स्पा सेंटरों पर हुई भोपाल पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई ने पुलिसकर्मियों की पोल खोलना शुरु कर दी है। छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जिन आरोपयों को पकड़ा था, उन पर पीटा (प्रोवेशन आफ इम्मोरल ट्रैफिकिंग एक्ट) के अंतर्गत कार्रवाई की गई थी। जानकारी के अनुसार सभी आरोपितों को मुचलके पर छोड़ा जाना था, लेकिन महिला थाने में पदस्थ आरक्षक खुश्बू सिंह चंदेल और क्राइम ब्रांच के आरक्षक सुनील चंदेल ने स्पा सेंटर में पकड़े गए युवक-युवतियों को जेल जाने का डर दिखाकर वसूली कर ली। जिसके बाद उच्च अधिकारियों ने जांच करते हुए दोनों आरक्षकों पर निलंबन की कार्रवाई की। बता दें कि शनिवार को क्राइम ब्रांच ने शहर के अलग-अलग इलाकों के 15 स्पा सेंटर में रेड की थी। जिसमें 68 युवक-युवतियां पकड़ी गई थीं, जिनके विरुद्ध अलग-अलग थाने में प्रकरण दर्ज किए गए थे।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 को

भोपाल, (आरएनएस)। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 जनवरी को आयोजित होगी। परीक्षा जिले के दस केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने होंगे। प्रवेश पत्र प्राप्ति में समस्या होने पर प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। यहां का फोन नंबर 0755-2896325, 958435971 है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सपत्नीक श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए।

## डॉक्टर का निकला जेल में मिला संदिग्ध ड्रोन, पुलिस ने ली राहत की सांस

भोपाल(ए)। भोपाल की सेंट्रल जेल में 26 जनवरी से पहले जेल के अंदर ड्रोन कैमरा मिलने से मचे हड़कंप में पुलिस ने अब राहत की सांस ली है। यह ड्रोन एक डॉक्टर का निकला जिन्होनें मीडिया में छपी खबरो के बाद खुद ही पुलिस अफसरो से संपर्क किया था। गौरतलब है कि यह कैमरा हाई सिक्योरिटी बैरिक से करीब दो सौ मीटर दूर उस जगह मिला था, जहां पर नई बैरिक बनाई जा रही है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय जेल परिसर स्थित (ब) खंड हाई सिक्योरिटी जोन में आता है, यहां पर खूंखार कैदी और कुख्यात आतंकी बंद हैं। इस बैरिक के पास नई बैरिकों का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार शाम राउंड लगाने पहुंचे जेल प्रहरी को यहॉ से करीब दो सौ मीटर दूर ड्रोन कैमरा पड़ा मिला। सूचना मिलने पर जेल प्रबंधन और आला अफसर जेल पहुंचे और ड्रोन की जांच शुरू की। ड्रोन के अंदर बैटरी लगी हुई थी, और दो कैमरे भी फिट थे। पुलिस कमिश्नर हरीनारायण चारी मिश्रा ने भोपाल सेंट्रल जेल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिये आवश्यक दिशा निर्दिश दिये। निरीक्षण के दौरान ही जेल में मिले संदिग्ध ड्रोन को महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में प्रोफेसर डॉक्टर स्विप्नल जैन ने स्वयं का बताया। वह ड्रोन का रिमोट लेकर जेल परिसर में पहुंचे थे। इस रिमोट ड्रोन को ऑपरेट कर पुलिस ने चेक भी किया। हालांकि पुलिस कमिश्नर ने ड्रोन की फोरेंसिक जांच कराने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टर ने अधिकारियो को बताया की वह द्वारका धाम में रहते हैं। ड्रोन को उन्होंने बेटे के लिए दिल्ली से खरीदा था। 31 दिसंबर 2024 को वह ड्रोन लेकर आईटी पार्क पहुंचे। यहां बेटे के साथ उन्होंने ड्रोन उड़ाया। ऊंचाई पर जाने के बाद ड्रोन से संपर्क टूट गया। इसके बाद वह लापता हो गया। आस पास काफी तलाशने पर भी ड्रोन नहीं मिला। बाद में मीडिया में जारी खबर और ड्रोन का फोटो देखने के बाद उन्होनें गुरुवार सुबह जेल अफसरो को कॉल कर बताया कि जेल परिसर में मिला ड्रोन उन्हीं का है। ड्रोन खरीदी के दस्तावेज भी उन्होंने पुलिस को सौंपे हैं।



## हमीदिया अस्पताल में मरीज की एंजियोग्राफी के दौरान कैथ लैब मशीन अचानक हुई खराब

भोपाल, (आरएनएस)। हमीदिया अस्पताल में मंगलवार को तब अजीब स्थिति बन गई, जब कैथ लैब में एक मरीज की एंजियोग्राफी के दौरान मशीन अचानक बंद हो गई। डॉक्टरों ने मशीन को चालू करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। ऐसे में मरीज को लैब से बाहर लाकर में बाद में आने को कहा गया। दरअसल, कार्डियोलॉजी विभाग में मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे एक मरीज की एंजियोग्राफी क लिए कैथ लैब में शिफ्ट किया गया। एंजियोग्राफी के पहले मरीज का ड्रिल (तार डालने के लिए छोटा सा छेद) किया जा रहा था। इसी दौरान कैथ लैब में गड़बड़ी आई। विभाग ने कैथ लैब कंपनी को इसकी जानकारी दी है। बताया जाता है कि इसे सुधरने में तीन-चार दिन लगेंगे, तब तक कैथ लैब बंद रहेगी।

## बीयू के मुंशी प्रेमचंद हॉस्टल का छज्जा भरभराकर गिरा, बड़ा हादसा टला

भोपाल,(आरएनएस)। बरतकउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) के मुंशी प्रेमचंद हॉस्टल के पोर्च का छज्जा मंगलवार देर शाम भरभराकर गिर गया। हालांकि उस समय वहां स्टूडेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। इस हॉस्टल केक तीन अन्य कमरे भी जर्जर हालत में हैं, लेकिन इन्हें इस वर्ष स्टूडेंट्स को अलॉट नहीं किया गया है। विवि में लंबे समय से हॉस्टलों के मेंटनेंस का कार्य नहीं किया गया है। इसके चलते पुराने बने तीनों बॉयज हॉस्टल जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच गए हैं। इनमें मुंशी प्रेमचंद और जवाहर हॉस्टल की हालत ज्यादा खराब है इसी वजह से मुंशी प्रेमचंद हॉस्टल का छज्जा गिर गया।

## आईआईटी दिल्ली ने जैम के एडमिट कार्ड जारी किए, परीक्षा दो फरवरी को

भोपाल, (आरएनएस)। आईआईटी दिल्ली ने जॉइंट एडिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स (जैम) के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा मास्टर्स प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। एडमिट कॉड डाउनलोड करने के लिए अपने लॉगिन क्रेडेंशियल जैसे नामांकन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करना होगा। परीक्षा दो फरवरी को होगी इसके बाद रिजल्ट 19 मार्च को घोषित किया जाएगा। आईटी जैम परीक्षा का स्कोर कार्ड 25 मार्च को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## चेकिंग के लिए कार रोकी तो पुलिसकर्मी से की मारपीट

भोपाल,(आरएनएस)। पिपलानी तिराहे पर चेकिंग कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने एक कार को रोक लिया तो कार सवार युवकों को यह बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने साइड में कार पार्क की और पुलिसकर्मियों से मारपीट शुरु कर दी। पुलिस ने कार सवार चार युवकों पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि दो मौके से फरार हो गए हैं। एसआई विजय सिंह के अनुसार 59 वर्षीय हरिराम बंसल यातायात थाने में एएसआई हैं। मंगलवार की रात वह पिपलानी पेट्रोल पंप चौराहे पर तैनात थे। उनके साथ मौजूद दो आरक्षक भी यातायात व्यवस्था बनाने में लगे थे। रात करीब साढ़े सात बजे एक कार को पुलिसकर्मियों ने रोका तो आरोपितों ने कार साइड में पर्का की और आरक्षक के पास हपुंचकर बदसलूकी शुरु कर दी। उन्होंने कहा हमारी कार रोकने की किसकी हिम्मत हुई। आरक्षक ने उन्हें समझाया तो आरोपियों ने मारपीट शुरु कर दी। इसके बाद हरिराम पहुंचे तो आरोपियों ने उनसे भी बदसलूकी की। इस पर पुलिस ने सूर्या शेखर ओर शिवा त्रिपाठी को दबोच लिया, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे इंजीनिरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं।

## कटरा और श्रीनगर के बीच जल्द चलेगी जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस

### जम्मू को कश्मीर घाटी से जोड़ने वाले 111 किमी लंबे कटरा-बनिहाल खंड पर अंतिम निरीक्षण शुरु

भोपाल (निप्र)। 8 कोचों वाली विशेष रूप से डिजाइन की गई जम्मू श्रीनगर वंदे भारत, यात्रियों को आरामदायक यात्रा और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी ड्राइवरों को बेहतर दृश्य प्रदान करने के लिए एंटी-फ्रीजिंग सुविधाओं से लैस है जम्मू और श्रीनगर के बीच की दूरी जल्द ही कम हो जाएगी, क्योंकि उनके बीच की यात्रा का समय केवल तीन घंटे दस मिनट होगा। नवनिर्मित जम्मू संभाग में 111 किलोमीटर लंबे बनिहाल-कटरा खंड पर अंतिम सुरक्षा निरीक्षण शुरू गया है। इसके साथ ही रेल यात्री इस वर्ष के अंत से इस मार्ग पर एक विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव करने की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि जम्मू स्टेशन को 8 प्लेटफार्म और आधुनिक सुविधाएं से सुसज्जित करने के लिए इसका पुनर्विकास किया जा रहा है। हालांकि कटरा से श्रीनगर के बीच 8 कोच वाली जम्मू श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द ही चलने लगेगी। इस बदलाव



के साथ ही, कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच रेल संपर्क का लंबा इंतजार खत्म हो जाएगा। बनिहाल-कटरा खंड का पूरा होना एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसमें 97 किलोमीटर की लंबाई सुरंग है और 7 किलोमीटर की दूरी 4 मुख्य पुलों द्वारा तय की गई है। परियोजना में सबसे कठिन चुनौती चिनाब नदी पर विश्व के सबसे ऊंचे आर्क ब्रिज (यानी 359 मीटर) को नींव को मज़बूती देना था। इसे 30,000 टन स्टील का उपयोग करके रॉक बोल्टिंग विधि द्वारा हासिल किया गया। दूसरी बड़ी चुनौती अंजी नदी पर भारत का पहला केबल स्टे ब्रिज बनाना था। इस खंड पर दो अन्य पुल रियासी ब्रिज और बक्कल ब्रिज हैं। परियोजना को क्रियान्वित करते वक्त, रेलवे इंजीनियरों ने सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और मुख्य तथा 67 किलोमीटर लंबी एस्केप सुरंगों को मज़बूती देने के लिए, पारंपरिक सुरंग बनाने की विधि के स्थान पर हिमालयी सुरंग बनाने की तकनीक का आविष्कार किया। सुरंगों में पूरी तरह से गिट्टी रहित ट्रैक है, जैसा कि बिना जोड़ वाले मेट्रो ट्रैक पर उपयोग किया जाता है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के इस खंड में सबसे लंबी सुरंग यानी टी50 12.77 किलोमीटर लंबी है। सुरक्षा और परिचालन डेटा पर नज़र रखने के लिए सुरंगों में हर 50 मीटर पर कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे अत्याधुनिक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से जुड़े हैं। रेलवे ने परियोजना स्थलों तक पहुंचने के लिए क्षेत्र में 215 किलोमीटर लंबी सड़कें भी बनाई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ हो रहा है। जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को खास तौर पर एंटी-फ्रीजिंग सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। बर्फ हटाने वाली ट्रेन, यात्री और मालगाड़ियों से आगे बढ़ते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि इस रणनीतिक मार्ग पर ट्रेनें पूरे साल, दिन और रात चलती रहें। इससे दोनों क्षेत्रों के बीच हर मौसम में संपर्क सुनिश्चित हो पाएगा।

### भाजपा को कमाई का जरिया बनाया : सिंघार

भोपाल, (आरएनएस)। भाजपा नेताओं के ठिकानों से करोड़ों रुपये की संपत्ति मिलने पर सियासत तेज है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने लिखा भाजपा सरकार में प्रदेश कर्ज में डूब रहा है जबकि इनके नेता दिन-ब-दिन अमीर होते जा रहे हैं। न खाऊंगा और न खाने दूंगा का दावा करने वाले विश्वगुरु की पार्टी में ये क्या हो रहा है? सागर के पूर्व विधायक और पार्षद के यहां 14 किलो सोना ओर 3.80 करोड़ रुपये मिले हैं। हरवंश सिंह, राजेश केशरवानी ओर एक व्यापारी के यहां से 150 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। तीन दिन में छापेमारी के दौरान कई लग्जरी गाडियां भी मिली।

## जलती चिता के पास आते थे तांत्रिक, लगाया सीसीटीवी



भोपाल,(आरएनएस)। भेल क्षेत्र के गांव खजूरीकलां में गांव के बाहर बने श्मशान घाट पर कुछ तांत्रिक आधी रात को जलती चिता के पास तंत्र क्रिया करने पहुंचते थे। इससे ग्रामीण परेशान हो गए थे। हाल ही में एक बाबा को गांव के लोगों ने पकड़कर पुलिस को भी सौंपा था। पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए उसे थाने में छोड़ दिया था। अंततः विश्राम घाट पर निगरानी रखने के लिए गांव के लोगों ने वहां सीसीटीवी लगा दिया है। खजूरीकलां के किसान प्रदीप सिंह ने बताया कि श्मशान घाट का रखरखाव गांव की समिति ही रुपये जुटाकर करती है। यहां प्रति सप्ताह दो से तीन लोगों की अंत्येष्टि की जाती है। पिछले डेढ़ वर्ष में कई बार स्वजन जब अस्थिसंचय के लिए पहुंचते थे, तो यहां तंत्र क्रिया किए जाने के साक्ष्य मिलते थे। यहां काले कपड़े से बने छोटे-छोटे पुतले, नींबू, सिंदूर आदि पड़ा मिला था। इससे गमगीन परिवार की भावनाएं काफी आहत होती थीं। इस तरह की घटना को को रोकने के लिए गांव के लोगों ने रात के समय वहां निगरानी भी रखना शुरु कर दी थी, लेकिन किसी को पकडने् में सफलता नहीं मिली थी। 30-31 दिसम्बर (अमावस्या) की रात में ग्रामीणों ने जलती चिता के पास तांत्रित क्रिया करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया। प्रेमनारायण नाम के व्यक्ति के पास से तंत्र क्रिया की सामग्री के अलावा चाकू भी बरामद किया गया था। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत के साथ प्रेमनारायण को बिलखिरिया थाना पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने बिना कोई कार्रवाई किए उसे थाने से छोड़ दिया था। मंगलवार को श्मशान घाट में एक सीसीटीवी लगा दिया गया है। समिति मोबाइल फोन के माध्यम से रात के श्मशान घाट पर निगरानी रखेगी।

### महू रैली को लेकर कांग्रेस सक्रिय, बनाई 11 समितियां

भोपाल (आरएनएस)। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर पर दिए बयान को विरोध में कांग्रेस 26 जनवरी का महू में बड़ी रैली का आयोजन कर रही है। जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे शामिल होंगे। इसकी तैयारी के लिए कांग्रेस ने 11 समितियों का गठन किया है। जिनकी दस जनवरी को भोपाल में बैठक होगी। इंदौर के महू में कांग्रेस द्वारा आयोजित जय बाबा-जय भीम संविधान अभियान रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने 11 समितियों का गठन किया गया है जिसमें वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग संविधान अभियान जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा बीना-गुना मेमू गाड़ी के विस्तार का शुभारंभ

### बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन की उद्घाटन सेवा एवं नियमित सेवा की समय सारणी

भोपाल (निप्र)। केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री,भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया , अशोकनगर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में बीना-गुना मेमू ट्रेन का रुठियाई स्टेशन तक विस्तार हेतु हरी झंडी दिखायेंगे। बीना-गुना मेमू ट्रेन संख्या 06607/06608 का विस्तार रुठियाई तक किया जा रहा है। इस अवसर पर दिनांक 10.01.2025 को विशेष उद्घाटन सेवा के रूप में यह ट्रेन बीना से रुठियाई के लिए चलाई जाएगी।

इस विशेष उद्घाटन सेवा के दौरान, ट्रेन के अशोक नगर स्टेशन पहुँचने पर माननीय केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री,भारत सरकार ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर विस्तार का शुभारंभ किया जायेगा एवं ट्रेन को रुठियाई के लिए रवाना किया जाएगा। इस विस्तार से क्षेत्रीय यात्रियों को और अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

**उद्घाटन सेवा का समय और ठहराव ( सिर्फ दिनांक 10.01.2025 हेतु ):-**

यह गाड़ी संख्या 06607 बीना-रुठियाई मेमू, बीना स्टेशन से 14.30 बजे प्रस्थान कर, 14.59 बजे मुंगावली, 15.18 बजे पिपरईगांव, 15.40 बजे अशोक नगर, 15.58 बजे शाढोरागांव ,16.30 बजे गुना और 17.00 बजे रुठियाई स्टेशन पंहुचेगी। वापसी में गाड़ी




संख्या 06608 रुठियाई- बीना मेमू रुठियाई स्टेशन से 17.15 बजे प्रस्थान कर, 17.40 बजे गुना, 17.56 बजे माबन, 18.05 बजे पगारा, 18.13 बजे पीलीघटा, 18.24 बजे शाढोरागांव, 18.33 बजे रातीखेड़ा, 18.42 बजे अशोक नगर, 18.52 बजे हिनोतिया पीपलखेड़ा, 18.59 बजे ओर, 19.06 बजे रहटवास, 19.16 बजे पिपरईगांव, 19.28 बजे गुनेरू बमोरी, 19.38 बजे मुंगावली, 19.49 बजे कंजाई, 19.58 बजे सेमरखेड़ी, 20.06 बजे महादेवखेड़ी एवं 20.35 बजे बीना पहुंचेगी।

नियमित सेवा का संचालन (दिनांक 11.01.2025 से): दिनांक 11.01.2025 से यह ट्रेन नियमित रूप से बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन संख्या 61611/61612 के रूप में चलाई जाएगी। नियमित रूप से गाड़ी संख्या 61611 बीना-रुठियाई मेमू यह गाड़ी बीना स्टेशन से 05.30 बजे प्रस्थान कर, 05.41बजे महादेवखेड़ी, 05.50 बजे सेमरखेड़ी, 06.00 बजे कंजाई, 06.10 बजे मुंगावली, 06.20 बजे गुनेरू बमोरी, 06.32 बजे पिपरईगांव, 06.42 बजे रहटवास, 06.50 बजे ओर, 06.57 बजे हिनोतिया पीपलखेड़ा, 07.07 बजे अशोक नगर, 07.16 बजे रातीखेड़ा, 07.26 बजे शाढोरागांव, 07.36 बजे पीलीघटा, 07.45 बजे पगारा, 08.10 बजे माबन, 08.15 बजे गुना, 08.31 बजे महुगदा , 08.55 बजे रुठियाई पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी संख्या 61612 रुठियाई- बीना मेमू रुठियाई स्टेशन से 09.45 बजे प्रस्थान कर, 09.55 बजे महुगदा, 10.10बजे गुना, 10.23 बजे माबन, 10.33 बजे पगारा, 10.42 बजे पीलीघटा, 10.54 बजे शाढोरागांव, 11.04 बजे रातीखेड़ा, 11.14 बजे अशोक नगर, 11.24 बजे हिनोतिया पीपलखेड़ा, 11.32 बजे ओर, 11.40 बजे रहटवास, 11.51बजे पिपरईगांव, 12.04 बजे गुनेरू बमोरी, 12.15 बजे मुंगावली, 12.26 बजे कंजाई, 12.36 बजे सेमरखेड़ी, 13.11बजे महादेवखेड़ी एवं 13.30 बजे बीना पहुंचेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस सेवा के विस्तार से यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी एवं यात्रा सुविधा प्राप्त होगी।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया इंदौर-खंडवा रोड का हवाई दौरा, बोले- सिंहस्थ से पहले हो निर्माण



इंदौर (ए.)। इंदौर-खंडवा रोड निर्माण की देरी को लेकर केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चिंता जताई है और उन्होंने अफसरों से कहा कि सिंहस्थ से पहले सड़क और नर्मदा नदी पर मोरटक्का ब्रिज का निर्माण सिंहस्थ से पहले हर हाल में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ठेकदार की तरफ से देरी होती है तो फिर एक्शन ले, लेकिन प्रोजेक्ट में देरी न हो। विमानतल पर आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए।

बैठक में यह भी तय हुआ कि डकाच्या से पीथमपुर तक बनने वाले पूर्वी बायपास का निर्माण भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण करेगा। सड़क निर्माण के अलावा मार्ग के लिए अन्य सुविधाएं प्रदेश सरकार जुटाएगी। यह सड़क 38 गांवों से होकर गुजरेगी। इसकी लंबाई 70 किलोमीटर से ज्यादा की होगी। इस रिंग रोड में कंपेल, तिल्लौर, बड़गोंदा सहित अन्य गांव जुड़ेंगे। बैठक में मंत्री गडकरी ने अफसरों से कहा कि सिंहस्थ से पहले मोरटक्का ब्रिज का निर्माण पूरा होना चाहिए। ब्रिज के आसपास ज्योर्तिलिंग की थीम पर सौंदर्यीकरण हो।

उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के समय उज्जैन आने वाले श्रद्धालु ओंकारेश्वर भी जाएंगे, इसलिए तय समय में घाटों पर सुरंग, ब्रिजों का निर्माण होना चाहिए। बैठक में इंदौर के आसपास के अन्य प्रोजेक्टों पर भी चर्चा हुई। इंदौर -खंडवा रोड के निर्माण की देरी का मुद्दा पूर्व मेयर कृष्णमुरारी मोघे ने भी मंत्री गडकरी के सामने उठाया था। इसके बाद मंत्री ने अफसरों से कहा कि यदि काम ठीक से नहीं हो रहा है तो ठेकेदार को टर्मिनेट कर दो।

### इंदौर का नमकीन अपने साथ ले गए गडकरी

मंत्री गडकरी इंदौर में नाथ मंदिर में भी दर्शन के लिए गए। वहां वे करीब आधे घंटे रुके। यहां उन्होंने पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन से भी मुलाकात की। कुछ परिचित गडकरी के लिए इंदौर के नमकीन भेंट स्वरुप लाए। जिन्हें पाकर वे खुश हो गए और कहा कि इंदौर के नमकीन तो उन्हें काफी पसंद है। वे नमकीन को अपने साथ लेकर गए।



## दतिया में बीजेपी नेत्री नीतू विश्वकर्मा को मारी गोली, पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

दतिया (ए.)। दतिया के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को बीजेपी महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नीतू विश्वकर्मा पर जानलेवा हमला हुआ है। रतनगढ़ माता मंदिर जाते समय उनके पैर में गोली मारी गई। इस घटना को पुरानी रंजिश का परिणाम बताया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नीतू विश्वकर्मा अपने मौसा के साथ रतनगढ़ माता मंदिर जा रही थी। तभी इंदरगढ़ क्षेत्र के सेबड़ा रोड स्थित विश्वकर्मा पेट्रोल पंप के पास उन्हें गोली मारी गई। पुलिस ने तुरंत घायल नीतू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। इंदरगढ़ थाना प्रभारी वैभव गुप्ता ने बताया कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि गुड्डू सेंगर, सीताराम विश्वकर्मा, गुलाब सेंगर और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

नीतू के पति अजय विश्वकर्मा ने बताया, मेरी पत्नी रतनगढ़ मंदिर के दर्शन के लिए मौसा के साथ जा रही थी, तभी गुड्डू सेंगर और उनके साथियों ने हमला कर मेरी पत्नी के पैर में गोली मारी। यह घटना पूरी तरह से पुरानी रंजिश का नतीजा है। इंदरगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पांच आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इनमें से तीन की पहचान गुड्डू सेंगर, सीताराम विश्वकर्मा और गुलाब सेंगर के रूप में हुई है। अन्य दो अज्ञात व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है।

## सोनू निकला साहिल, सस्ते मोबाइल दिलाकर लड़कियों को लव जिहाद में फंसाता था



इंदौर (ए.)। इंदौर के भंवरकुआ इलाके में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को पकड़ा, जो लड़कियों को सस्ते मोबाइल देने का झांसा देकर अपना नाम छिपाकर उनसे दोस्ती करता था। युवक ने अपना नाम सोनू बताकर कई लड़कियों को संपर्क में लिया और कैफे पर बुलाया। इस मामले में एक लड़की को भी थाने लाया गया, लेकिन उसने एफआईआर दर्ज कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

**सोनू मारवाड़ी के नाम से लड़कियों को फंसाता था**

विश्व हिंदू परिषद के समरसता संयोजक तन्नु शर्मा ने जानकारी दी कि गणेश नगर के एक कैफे में सोनू मारवाड़ी नाम का एक युवक बैठा था और उसके साथ एक कॉलेज छात्रा भी थी। सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना असली नाम सोहेल बताया और कहा कि वह मोबाइल खरीदने-बेचने का काम करता है। वह लड़कियों को सस्ते मोबाइल का झांसा देकर उनसे संपर्क बनाता था।

**मोबाइल की जांच में सच पता चलेगा**

युवक का मोबाइल जब जांचा गया, तो उसमें 100 से अधिक लड़कियों के नंबर मिले। इसके साथ ही कई लड़कियों से उसकी चैटिंग भी सामने आई। तन्नु शर्मा ने आरोप लगाया कि सोहेल, जो खुद को सोनू बताता था, लड़कियों को बहन बनाकर उन्हें लव जिहाद जैसे मामलों में फंसा रहा था। बजरंग दल ने तुरंत उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

## 12 साल की बच्ची ने लगाई फांसी, धरमटेकड़ी के लकड़ाई जम्होड़ी का मामला, जांच में जुटी पुलिस

छिंदवाड़ा (ए.)। छिंदवाड़ा में अपने नाना-नानी के यहां रहकर पढ़ाई कर रही एक बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के पीछे पेड़ पर फंदे पर झूलता हुआ मिला। लाश उसी की चुनरी से लटकते हुए मिली। लेकिन अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि आखिर बालिका ने ये कदम क्यों उठाया? पुलिस जांच की बात कर रही है।

जानकारी में पुलिस ने बताया कि धरमटेकड़ी के लकड़ाई जम्होड़ी निवासी 12 वर्षीय प्राची पिता मंसाराम भलावी नामक बालिका ने आज शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के पीछे चुनरी के फंदे पर झूलते हुए मिला। प्राची यहां अपने नाना-नानी के यहां रहकर पढ़ाई करती थी, लेकिन उसने ये कदम क्यों उठाया? इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा लिया है। जबकि प्रकरण में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## बेटे के साथ मड़ीखेड़ा डैम में कूदी महिला का मिला शव, मायके से ससुराल जाते समय हुई थी लापता



शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी के फिजिकल थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्पण कॉलोनी से अपने मायके से बिना बताए गायब हुई महिला का शव मड़ीखेड़ा डैम से मिला गया है। एक दिन पहले इसी महिला के डेढ़ साल के बेटे का शव इसी डैम से मिला था। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम द्वारा गायब महिला की तलाश की जा रही थी। इसी बीच अब महिला का शव भी मिल गया। अपने मायके से बिना किसी को कुछ बताए अचानक गायब हुई इस महिला ने अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ मड़ीखेड़ा बांध में कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला का शव बुधवार को पानी में उतराता हुआ मिल गया। पुलिस ने शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

बताया जाता है कि सोमवार सुबह अपने मायके आई महिला कमलेश पत्नी भोलू बघेल उम्र 30 साल घर पर किसी को कुछ बिना बताए ही अपनी ससुराल ग्राम पारागढ़ जाने के लिए रवाना हो गई। शाम को कोलारस में रहने वाले उसके पति भोलू को उसने बस में बैठी किसी महिला के फोन से फोन लगाया और सूचना दी कि वह पारागढ़ जा रही है, लेकिन जब पारागढ़ नहीं पहुंची तो उसकी तलाश शुरू की गई। इस पर मंगलवार को मड़ीखेड़ा डैम के पास एक पुलिया पर उसकी शाल, आधार कार्ड सहित अन्य सामान रखा मिला। कुछ दूरी पर पानी में बेटे रिहांश का शव पानी में उतराता मिल गया, परंतु महिला कमलेश के शव का कोई सुराग नहीं लगा।

## तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने किसान को 100 मीटर तक घसीटा, ड्राइवर कंटेनर रोकता तब तक हो गई मौत



उज्जैन (ए.)। गुरुवार सुबह उन्हेल-नागदा रोड पर एक भयावह सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय किसान की जान चली गई। गैस कंटेनर क्रमांक एमपी 09 एच 3328 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए किसान को टक्कर मारी और लगभग 100 मीटर तक घसीटता रहा, जिससे मौके पर ही किसान की मौत हो गई।

# सिंधिया ने शिवपुरी में टाइगर सफारी वाहन को दिखाई हरी झंडी, जॉर्ज कैसल कोठी के नए रूप का किया लोकार्पण



शिवपुरी (ए.)। गुना-संसदीय क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के तहत केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिले को कई सौगातें प्रदान की हैं। सिंधिया ने माधव नेशनल टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाए दो गए टाइगर सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि इन दोनों वाहनों की खरीद सिंधिया के सांसद निधि से 24 लाख रुपये की लागत से हुई है।

साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर ऐतिहासिक जॉर्ज कैसल कोठी का 25 लाख रुपये की लागत से किए गए नवीनीकरण का लोकार्पण एवं कैंटीन का उद्घाटन भी किया।

**सिंधिया ने चलाई जिप्सी**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ड्राइविंग का लुत्फ उठाते हुए नजर आए। टाइगर सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर नेशनल टाइगर रिजर्व को एक अनुपम सौगात दी गई। साथ ही सिंधिया ने जिप्सी को खुद चला कर अधिकारियों एवं स्थानीय नेताओं को सफारी करवाई। यह नजारा देखने लायक था।बता दें कि माधव नेशनल टाइगर रिजर्व को सफारी की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा की शुरुआत भी की। इससे पर्यटकों को बुकिंग करने में सुविधा मिलेगी।

**माधव नेशनल पार्क को दिलाया टाइगर रिजर्व का दर्जा**

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया के अथक प्रयासों एवं मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव के सहयोग की बदौलत ही माधव राष्ट्रीय उद्यान को %टाइगर रिजर्व% का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि क्षेत्रीय पर्यटन, रोजगार सृजन और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की दहाड़ फिर से गूंजी है। कार्यक्रम के दौरान सिंधिया ने कहा कि यह वो स्थान है, जो मेरे पूज्य पिताजी, स्वर्गीय माधव महाराज एवं मेरे पूर्वज माधव महाराज प्रथम के दिल के बहुत करीब था। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व बनने से अब संसाधनों की कमी नहीं होगी। साथ ही पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी एवं क्षेत्रीय रोजगार बढ़ेगा। इस उद्यान से केवल शिवपुरी एवं मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व पटल पर प्राकृतिक एवं वन्य समृद्धि का डंका बजेगा।

# पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में घुसा कुत्ता, बाघ को गंभीर बीमारी का खतरा

पन्ना (ए.)। पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पालतु कुत्तों के घुसने का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की ने जांच बैठा दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पन्ना टाइगर रिजर्व के अंदर पालतू कुत्तों के घुस जाने का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे संज्ञान में लेते हुए इस घटना की जांच एडी को सौंपी गई है।

बताया कि यह बेहद गंभीर विषय है और कुत्तों से बाघ को गंभीर बीमारी हो सकती है। इसकी जांच की जा रही है। जांच में जो भी कर्मचारी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**PTR की सुरक्षा पर सवाल**

इस घटना के बाद पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। वीडियो में बाघ और कुत्तों का आमना-सामना होता दिखाई दे रहा है, जिसमें यहां कुत्तों ने बाघ को देखा तो भौकने लगे। जंगल के राजा को ये रास नहीं आया तो सैलानियों कि जिप्सियों के बीच से निकाल कर उन्हें खदेड़ दिया, जिसका सैलानियों ने वीडियो बनाकर



वायरल कर दिया।

**केनाइन डिस्टेंपर घातक बीमारी का खतरा**

यहां पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन की यह घोर लापरवाही सामने आई है। क्योंकि कुत्तों को बाघ काट ले या कुत्ते द्वारा बाघ को काटने से बाघों को केनाइन डिस्टेंपर नामक घातक बीमारी हो सकती है, जिससे बाघ की मौत भी हो सकती है। इस बीमारी के चलते पन्ना टाइगर रिज़र्व में पूर्व में एक बाघ की मौत भी हो चुकी है। इससे बचाने के लिए पार्क प्रबंधन द्वारा आसपास के गावं में कुत्तों का टीकाकरण भी कराया जाता है, ताकि बाघों को कोई नुकसान न पहुंच सके।

## व्यापार समाचार

# सोने की कीमतों में तेजी, चांदी में हल्की नरमी

### >>> सोने का भाव 78,830 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 92,400 रुपए प्रति किलोग्राम



नई दिल्ली (ए.)। देश के सराफा बाजारों में सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है, जिससे खरीदारी के लिए लोगों को थोड़ा ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सोने की कीमतें मजबूत हुई हैं। मुंबई में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 78,830 रुपए पहुंच गई है, जबकि चांदी में हल्की नरमी देखने को मिली है, और इसका भाव 92,400 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है।

देश के विभिन्न शहरों में सोने के दाम अलग-अलग हैं। दिल्ली में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 78,980 रुपए में मिल रहा है, जबकि लखनऊ में भी यही कीमत 78,980 रुपए है। बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और अहमदाबाद में भी सोने के दाम 78,830 रुपएसे 78,880 रुपएके बीच हैं। हर शहर में सोने की कीमत अलग क्यों होती है? इसका मुख्य कारण है राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए स्थानीय टैक्स। इन टैक्सों के कारण कीमतों में अंतर आता है। इसके अलावा सोने की कीमतों पर अंतर्राष्ट्रीय बाजार की गतिविधियां भी असर डालती हैं। लंदन ओटीसी स्पॉट मार्केट और कॉमेक्स गोल्ड फ्यूचर्स मार्केट जैसी प्रमुख वैश्विक व्यापारिक गतिविधियां भी सोने की कीमतों को प्रभावित करती हैं। वैश्विक स्तर पर, लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन सोने की कीमत तय करता है, जो बैंकरों और बुलियन व्यापारियों के लिए बेंचमार्क के रूप में काम करता है। भारत में इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को आयात शुल्क और अन्य टैक्स जोड़कर खुदरा विक्रेताओं के लिए सोने की कीमत निर्धारित करता है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच ही बिकवाली हावी रहने से आई है। कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणमों के कमजोर रहने की आशंका और अमेरिकी ब्याज दरों में कम बार कटौती के संकेतों से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 528 अंक करीब 0.68 फीसदी की गिरावट के साथ ही 77,620.21 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 162.45 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी टूटकर 23,526.50 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा स्टील, जोमैटो, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, बजाज फाइनेंस और एनटीपीसी के शेयर शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

वहीं नेस्ले इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर हरे निशान में बंद हुए। जानकारों के अनुसार बाजार में ये गिरावट विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला लगातार जारी रहने से भी आई है। आईटी और वित्तीय शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नीचे आया।

वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो उनमें अस्थिरता दिखी। एशिया-प्रशांत के बाजार नीचे आये । वॉल स्ट्रीट के उतार-चढ़ाव वाले सेशन और फेडरल रिजर्व की बैठक के कारण भी निवेशकों में घबराहट रही।

## भारत में स्टील की मांग 2025 में 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। भारत में स्टील की मांग कैलेंडर वर्ष 2025 में 8 से 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इसकी वजह हाउसिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग और अन्य सेगमेंट्स में स्टील की मांग बढ़ना है। यह जानकारी रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में बुधवार को दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के उलट वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में इस साल धीमापन देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में स्टील की मांग बढ़कर 11 प्रतिशत और ब्राजील में 5.6 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। वहीं, ग्लोबल स्तर पर स्टील की मांग में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। चीन, जो सबसे बड़ा स्टील उत्पादक और उपभोक्ता भी है, में मांग में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसकी वजह अनुकूल नीतिगत बदलावों और सहायता पैकेज जारी होने के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र में स्टील की मांग में गिरावट होना है।

यूरोप, जापान और अमेरिका से भी स्टील की मांग में 2-3 प्रतिशत की अनुमानित गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और ब्राजील जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मांग में वृद्धि ने वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में भारी गिरावट को रोका है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में सभी प्रमुख निर्यातकों से तैयार स्टील के आयात में काफी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, 2022 और 2024 के बीच चीन से तैयार स्टील के आयात में 2.4 गुना वृद्धि हुई है। वहीं, हॉट रोल्ड कॉइल्स के आयात में 28 गुना का इजाफा हुआ है।

## मर्सिडीज-बेंज जी 580 इलेक्ट्रिक एसयूवी भारत में लॉन्च, जानें कीमत, रेंज और फीचर्स



नई दिल्ली(ए.)। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित एसयूवी मॉडल में से एक बैटरी पावर के साथ भारत में आ गया है। श्क्त टेक्नोलॉजी वाली मर्सिडीज त्न 580 गुरुवार को भारतीय बाजार में आ गई और इसके पहले एडिशन की कीमत 3 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) है। त्न वैगन मर्सिडीज-लेवल की लग्जरी के साथ एक मजबूत वाहन होने के कारण बेहद लोकप्रिय रही है। लेकिन यह सबसे कुशल मशीन नहीं थी। लेकिन मर्सिडीज त्न 580 के बारे में यह दावा किया जा रहा है कि- यह हर तरह से मजबूत, हर तरह से शानदार है, लेकिन अब इसमें टेलपाइप उत्सर्जन नहीं है। चूंकि यह इलेक्ट्रिक हो गई है।

**मर्सिडीज जी वैगन हुई इलेक्ट्रिक**

मर्सिडीज जी 580 के लॉन्च के मौके पर कंपनी के अधिकारियों ने इस बात पर रोशनी डाली कि दुनिया भर में जी वैगन के दीवाने हैं और भारतीय बाजार भी इससे अलग नहीं है। और बैटरी पावर वाले लग्जरी मॉडल की बढ़ती मांग के साथ, मर्सिडीज ने महसूस किया है कि यह अपनी पेशकशों का और विस्तार करने का सही समय है।

## 2026 तक 5 लाख लोगों को कौशल प्रदान करेगा माइक्रोसॉफ्ट, इंडिया एआई मिशन के साथ मिलाया हाथ

नई दिल्ली (ए.)। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने बुधवार को देश में कई एआई पार्टनरशिप को लेकर घोषणा की, जिसमें 5 लाख लोगों को कौशल प्रदान करने के लिए सरकार के 'भारत एआई मिशन' के साथ एक समझौता ज्ञापन भी शामिल है।डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के एक प्रभाग इंडिया एआई के साथ समझौता ज्ञापन का उद्देश्य देश भर में इनोवेशन को बढ़ावा देने, उत्पादकता बढ़ाने और इंक्लूसिव ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए एआई का लाभ उठाना है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## बीमा कवरेज से लोग वंचित

विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया।

भारत में वैसे भी आबादी का बेहद छोटा हिस्सा बीमा कवरेज में रहा है। समय गुजरने के साथ इस कवरेज का साया सिकुड़ता ही जा रहा है। बीमा विनियमन एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की 2023-24 के बारे में जारी ताजा रिपोर्ट से सामने आया है कि उपरोक्त वित्त वर्ष में बीमा कवरेज में 3.7 फीसदी गिरावट आई। यानी इसके पहले वाले वित्त वर्ष में जिन लोगों ने बीमा करा रखा था, उनमें 3.7 प्रतिशत इसकी सुरक्षा से बाहर हो गए।

इसके बाद देश की सिर्फ 2.8 फीसदी आबादी बीमा कवरेज में रह गई है। जानकारों के मुताबिक इसका कारण प्रीमियम दरों में हुई असाधारण बढ़ोतरी है। आम तजुर्बा है कि कोरोना काल के बाद चाहे जीवन बीमा हो या मेडिकल बीमा- उनकी प्रीमियम रकम में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2022-23 में जीवन बीमा कंपनियों ने प्रीमियम में छह प्रतिशत बढ़ोतरी की। तो जाहिर है, जो लोग और ऊंची प्रीमियम चुकाने में सक्षम नहीं थे, उन्होंने अपनी पॉलिसी बीच में ही छोड़ दी। जबकि 2022-23 में भी उसके पहले वाले वित्त साल की तुलना में बीमा कवरेज घटा था। विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। इस तरह प्रीमियम से जीवन बीमा कंपनियों की आय में 6.06 प्रतिशत वृद्धि हुई। ये रकम 8.30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

चूंकि हर प्रीमियम पर सरकार भी 18 फीसदी जीएसी वसूलती है, इसलिए प्रीमियम बढने के साथ सरकार की टैक्स वसूली भी बढ़ती जाती है। तो कंपनियां और सरकार दोनों फायदे में हैं। नुकसान में सिर्फ उपभोक्ता हैं। जिस देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का पहले से अभाव हो और स्वास्थ्य सेवाएं उत्तरोत्तर निजी क्षेत्र के हाथ में जा रही हों, वहां बीमा कवरेज से लोगों का वंचित होना कितनी बड़ी चिंता की बात है, आसानी से समझा जा सकता है। मगर नीति निर्माता इसे समझने को तैयार हैं, इसके कोई संकेत नहीं हैं।

# स्वयंभू अंबेडकरवादियों और डॉ.अंबेडकर के नाम पर राजनीति

**बलबीर पुंज**

डॉ.अंबेडकर की पाकिस्तान, इस्लाम, आर्य आक्रमण सिद्धांत और जनजातियों की स्थिति आदि विषयों पर राय, उन्हें और हिंदुत्व समर्थकों को एकसूत्र में बांधती है। हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों से डॉ. अंबेडकर असंतुष्ट थे। लेकिन वे इसके लिए अब्राहमिक मजहबों को विकल्प नहीं मानते थे। अपनी मृत्यु से ठीक 53 दिन पहले, 14 अक्टूबर 1956 को उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध परंपरा को स्वीकार किया।

स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति में कांग्रेस के घटते प्रभाव और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर (1891-1956) की बढ़ती लोकप्रियता के बीच क्या कोई संबंध है? बाबासाहेब से घृणा करने वाले कौन थे और वे किसके सबसे निकट थे? 20वीं सदी के सबसे बड़े भारतीय समाज सुधारक डॉ. अंबेडकर को उनके जीवन के अंतिम पड़ाव में राजनीतिक हाशिए पर किसने धकेला? ऐसे कई सवाल है, जो हालिया घटनाक्रम, खासकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस के बीच राजनीतिक खींचतान (झड़प सहित) के कारण एकाएक प्रासंगिक हो गए है।

डॉ. अंबेडकर— बदलाव, तर्कशीलता और सामाजिक न्याय का प्रतीक हैं। परंतु उनकी विरासत को हड़पने की कोशिश में कांग्रेस राजनीतिक-वैचारिक भंवर में फंस गई है। पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा डॉ।अंबेडकर का तिरस्कार (1952 का चुनाव सहित) सर्वविदित और सार्वजनिक है। उन्होंने बाबासाहेब को खलनायक के रूप में पेश करने और भारतीय सार्वजनिक जीवन से उनके योगदान को मिटाने का हरसंभव प्रयास किया।

मिसाल के तौर पर प्रधानमंत्री के रूप में पं. नेहरू ने 1955 में स्वयं को भारत रत्न देने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई, जबकि डॉ. अंबेडकर को इस सम्मान के लिए 35 साल का इंतजार करना पड़ा। इस कालखंड में अधिकांश समय कांग्रेस की ही सरकार थी। वर्ष 1990 में तत्कालीन वीपी सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, जिसे तब भाजपा और वामपंथी दलों का बाहरी समर्थन प्राप्त था— उसने इस



ऐतिहासिक कलंक को मिटाया। उस समय सरकार ने संसद के केंद्रीय कक्ष में बाबासाहेब का चित्र भी स्थापित किया। वास्तव में, डॉ. अंबेडकर और हिंदुत्व आंदोलन एक-दूसरे का पर्याय है। बाबासाहेब हिंदुत्व' शब्द का इस्तेमाल करने वाले पहले लोगों में से एक थे। वर्ष 1916 में उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में एक दस्तावेज प्रस्तुत किया था, जिसके अनुसार, यह संस्कृति की एकता ही है, जो समानता का आधार है। मैं कहता हूं कि कोई भी देश, भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक एकता से मुकाबला नहीं कर सकता। इसमें न केवल भौगोलिक एकता है, बल्कि इससे भी कहीं अधिक गहरी और बुनियादी एकजुटता है— जो पूरे देश को एक छोर से लेकर दूसरे तक जोड़ती है। वर्ष 1927 में मंदिर प्रवेश के मुद्दे पर डॉ.अंबेडकर ने बयान जारी करते हुए कहा था, हिंदुत्व जितना स्पृश्य हिंदुओं का है, उतना ही अछूत हिंदुओं का भी है। हिंदुत्व के विकास और गौरव में वाल्मीकि, व्याधगीता, चोखामेला और रोहिदास जैसे अछूतों का योगदान उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि वशिष्ठ जैसे ब्राह्मणों, कृष्ण जैसे क्षत्रियों, हर्ष जैसे वैश्यों और तुकाराम जैसे शूद्रों का रहा है।

वीर सावरकर के प्रति कांग्रेस की हीन-भावना किसी से छिपी नहीं है। सच तो यह है कि सावरकर और डॉ. अंबेडकर—दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कई अवसरों पर सावरकर द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों की डॉ. अंबेडकर मुखर सराहना कर चुके थे। वर्ष 1933 में अपनी पत्रिका जनता के विशेष अंक में बाबासाहेब ने सावरकर की प्रशंसा करते हुए दलित-उत्थान में उनके योगदान को गौतमबुद्ध के योगदान जितना निर्णायक और महान बताया था। वीर सावरकर का डॉ. अंबेडकर के प्रति नजरिया कैसा था, इसपर डॉ. अंबेडकर के जीवनीकार धनंजय कीर ने अपनी पुस्तक में लिखा था: वह एक नेता जो निडरता और पूरी ईमानदारी से डॉ. अंबेडकर के संघर्ष का समर्थन करते थे, वे सावरकर थे। डॉ. अंबेडकर अन्य हिंदू नेताओं जैसे स्वामी श्रद्धानंद के भी बड़े प्रशंसक थे और दलित उत्थान में उनके योगदानों की मुखर सराहना भी करते थे। स्वामी श्रद्धानंद का मानना था कि जातिवाद का अंत, हिंदू एकता के लिए आवश्यक शर्त है। डॉ. अंबेडकर ने स्वामी श्रद्धानंद को अछूतों के सबसे महान और ईमानदार समर्थक के रूप में वर्णित किया था, जिनकी 1926 में एक जिहादी ने निर्मम हत्या कर दी थी। डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भी संपर्क में रहे। वर्ष 1939 में उन्हें पुणे में एक आरएसएस प्रशिक्षण शिविर में औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया था, जहां उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार से भी भेंट की थी। तब डॉ. अंबेडकर यह देखकर संतुष्ट हुए थे कि शाखा में जातिवाद के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है।

झइसी तरह वर्ष 1949 में संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) ने दिल्ली में डॉ. अंबेडकर से मुलाकात की थी और गांधीजी की नृशंस हत्या के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को हटाने में मदद करने पर आभार व्यक्त किया था। यही नहीं, 1954 के उपचुनाव में तत्कालीन युवा संघ प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी, डॉ. अंबेडकर के चुनावी एजेंट थे। अपनी किताब डॉ. अंबेडकर और सामाजिक क्रांति की यात्रा' में ठेंगड़ी ने इस अनुभव को साझा किया था।

अन्य राष्ट्रवादियों की भांति डॉ. अंबेडकर भी साम्यवाद को भारतीय लोकतंत्र और बहुलतावाद के लिए खतरा मानते थे। मतांतरण के मुद्दे पर भी डॉ. अंबेडकर और हिंदुत्व नेताओं का दृष्टिकोण समान था। इस विषय पर बाबासाहेब का विचार था, मतांतरण से देश पर क्या परिणाम होंगे, यह ध्यान में रखना बहुत जरूरी है। इस्लाम या ईसाई में मतांतरण अछूत वर्गों को राष्ट्रीयकरण से वंचित कर देगा। यदि वे इस्लाम में परिवर्तित होते हैं, तो मुसलमानों की संख्या दोगुनी हो जाएगी और मुस्लिम प्रभुत्व का खतरा भी वास्तविक होगा। यदि वे ईसाइयत में मतांतरित होते हैं, तो ईसाइयों की संख्यात्मक ताकत पांच से छह करोड़ हो जाएगी और इससे ब्रितानी राज को मदद मिलेगी। वास्तव में, डॉ.अंबेडकर की पाकिस्तान, इस्लाम, आर्य आक्रमण सिद्धांत और जनजातियों की स्थिति आदि विषयों पर राय, उन्हें और हिंदुत्व समर्थकों को एकसूत्र में बांधती है। हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों से डॉ. अंबेडकर असंतुष्ट थे। लेकिन वे इसके लिए अब्राहमिक मजहबों को विकल्प नहीं मानते थे। अपनी मृत्यु से ठीक 53 दिन पहले, 14 अक्टूबर 1956 को उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध परंपरा को स्वीकार किया।



सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य सुप्रिया श्रीनेत ने लखनऊ में यूपीसीसी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

# छोटी फ़िल्मों को दर्शक नहीं पूछ रहे

**सुशील कुमार सिंह**

जिस 2024 से हम हाल में गुजर् कर आए हैं, उसकी शुरूआत मेरी क्रिसमस' से हुई थी जो बॉक्स ऑफ़िस पर अपनी लगभग 30 करोड़ की लागत तक भी नहीं पहुंच पाई थी। इसी तरह 180 करोड़ में बनी साल की अंतिम हिंदी फ़िल्म बेबी जॉन' का 50 करोड़ तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। यानी बीते साल हिंदी की पहली और आखरि़ी दोनों ही फ़िल्में खेत रहीं। बल्कि बेबी जॉन' ने तो यह भी साबित किया कि पैन इंडिया फ़िल्म बनाना सबके बस की बात नहीं।

एक तरफ़ पुष्पा 2 – द रूल' है और दूसरी तरफ़ ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' है। एक को इतने लोग देखने आ रहे हैं कि सबसे ज़्यादा कमाई का दंगल' का खत़िाब ख़तरे में लग रहा है जिसमें आमिर खान थे और जो चीन में अपनी अप्रत्याशित सफलता के कारण इस शिखर पर पहुंची थी। और दूसरी का हाल यह है कि उसकी निर्देशक पायल कपाडिय़ा को सोशल मीडिया पर गुजारिश करनी पड़ रही है कि इसके ओटीटी पर आने का इंतज़ार करने की बजाय प्लीज़ इसे थिएटर में जाकर देखें। अगर कोई उनसे शिकायत करता है कि उसके शहर में यह फ़िल्म नहीं लगी है तो वे उसे सलाह देती हैं कि अपने करीब के थिएटर को टैग करके यह बात लिखिए ताकि उस पर इसे दिखाने का दबाव बने।

ये दोनों फ़िल्में हालांकि दक्षिण का निर्माण हैं, लेकिन हिंदी में भी रिलीज़ की गई हैं। हिंदी और दक्षिण भारतीय भाषाओं में साथ-साथ रिलीज़ होने वाली फ़िल्मों को पैन इंडिया फ़िल्म कहा जाता है, लेकिन अब ऐसी फ़िल्में इतनी ज़्यादा आ रही हैं कि हिंदी और दक्षिण का भेद ही मिटता दिख रहा है। परदे पर यह एक नई स्थिति है और हिंदी वाले भी अब दक्षिण के निर्देशकों और कलाकारों को लेकर पैन इंडियन फ़िल्में बना रहे हैं। मसलन बेबी जॉन' के लिए जियो स्टूडियो ने एटली और उनकी पत्नी के साथ मुंबई के भी दो निर्माता लिए, निर्देशक दक्षिण के कलीस को बनाया और दोनों तरफ़ के कलाकार रखे। मगर कभी-कभी कोई साल ऐसा भी होता है जिसका आरंभ और अंत दोनों समान नियति के होते हैं। जिस 2024 से हम हाल में गुजर् कर आए हैं, उसकी शुरूआत मेरी क्रिसमस' से हुई थी जो बॉक्स ऑफ़िस पर अपनी लगभग 30 करोड़ की लागत तक भी नहीं पहुंच पाई थी। इसी तरह 180 करोड़ में बनी साल की अंतिम हिंदी फ़िल्म बेबी जॉन' का 50 करोड़ तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। यानी बीते साल हिंदी की पहली और आखरि़ी दोनों ही फ़िल्में खेत रहीं। बल्कि बेबी जॉन' ने तो यह भी साबित किया कि पैन इंडिया फ़िल्म बनाना सबके बस की बात नहीं। इससे पिछले साल हिंदी सिनेमा उद्योग ने लगभग पांच हज़ार करोड़ का बिजनेस किया था। मगर 2024 में वह चार हज़ार करोड़ के लिए भी तरसता रहा। और हिंदी फ़िल्म उद्योग के कर्ताधर्ता इतने साहसी भी नहीं हैं कि मलयालम सिनेमा की तरह साफ़-साफ यह घोषित करें कि हम इस साल इतने घाटे में रहे। केरल फ़िल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने हाल में ऐलान किया कि बीते साल कुल 199 मलयाली फ़िल्में बनी जिनमें से केवल 26 सफल हुईं। एसोसिएशन ने कहा कि हमारी इंडस्ट्री करीब 700 करोड़ रुपए के नुक्सान में रही। इसके लिए उसने बढ़ती निर्माण लागत, कलाकारों के बढ़ते पारिश्रमिक और थिएटरों में घटते दर्शकों को कारण बताया। उसके मुताबिक, हालात तभी सुधरेंगे जब हम कम लागत की, मगर बेहतरीन फ़िल्में बनाएं। मुश्किल से चार महीने पहले मलयालम सिनेमा हेमा कमेटी कि रिपोर्ट से महिलाओं के शोषण और उत्पीडऩ के आरोपों से घिर गया था। उसके बाद वहां कई मठाधीशों की बड़े पदों से छुट्टी हुई। कई केस दर्ज़ हुए। कई लोग गिरफ़्तार हुए और कई ज़मानत पर हैं। इस सबके बावजूद वहां उद्योग के लाभ और हानि के ऐलान की व्यवस्था बनी।

सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि छोटी फ़िल्मों को दर्शक नहीं पूछ रहे। दक्षिण के स्टार सिद्धार्थ ने कुछ दिन पहले कहा कि ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' ने फ्रांस के कान फ़िल्म फ़ेस्टिवल और गेल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह में कितनी भी वाहवाही हासिल की हो, मगर यहां लोग उसे थिएटर में देखने नहीं आएंगे। वही हो रहा है। याद कीजिए, दो साल पहले जब अनुराग कश्यप की कैनेडी' कान फ़ेस्टिवल में दिखाई गई थी तो फ़िल्म के ख़त्म होने पर तीन-चार मिनट तक लोग खड़े होकर तालियां बजाते रहे थे। अनुराग इससे इतने अभिभूत हुए कि बजती तालियों के बीच ही वे तीन लाइन पीछे खड़े सुधीर मिश्रा के पास पहुंचे और उनके पांव छुए जिन्हें वे फ़िल्मकारिता में अपना अग्रज मानते हैं। मगर यह जो कैनेडी' नाम की फ़िल्म थी वह दो साल बाद भी रिलीज़ नहीं हो सकी है। अनुराग की पहली फ़िल्म पांच' भी पच्चीस साल से रिलीज़ नहीं हो सकी और उनकी मैग्ज़िमम सिटी' जो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए बन रही थी वह भी बीच में ही रुकवा दी गई।




मेष राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपका कला और साहित्य के क्षेत्र में ज्यादा मन लगेगा और खुद की सेहत पर ध्यान देंगे। आप अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा, इससे आपका उत्साह बढेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा । आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सर्जनात्मक होंगे।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा । खास रिश्तेदार आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। आपको कार्यों में किसी करीबी मित्र का सहयोग मिलेगा। दादा-दादी के साथ कुछ समय बिताएंगे, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

तुला राशि: आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में... आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे। जरूरतमंद को भोजन कराने से आपको सुकून मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आप योग की रूटीन अपनाएंगे, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए ।

धनु राशि: आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है, आपका रुतबा बढ़ेगा। इस राशि के मीडिया कर्मचारियों को काम करने के बढ़िया मौके मिलने वाले हैं। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बने रहने से खुशियां बढ़ेंगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त- दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलने से आपको ख़ुशी होगी। आज घर के कामों को करने के बाद हाउसवाईव्स फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय बिताएंगी।

# बदरंग होता समाज और आरक्षण की मृगतृष्णा!

**विमर्श/जयराम शुक्ल**

अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना ले़गे।

स्वतंत्रता के बाद भारतमाता की पुनर्प्राणप्रतिष्ठा का सपना पाले गांधी जी इहलोक से प्रस्थान कर गए। अन्ना जैसे सभी समाजसेवी कहते हैं कि आज गांव संकट में हैं, इस देश को बचाना है तो गांवों को बचाना होगा। मोहन भागवत जी भारतमाता ग्राम्यवासिनी के वैभव की बात करते हैं और गाँवों को बचाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान की जरूरत पर जोर देते हैं।

गांधी ग्राम स्वराज के पैरोकार थे। उन्हें इसकी पूरी आशंका थी कि आजादी के बाद नई अर्थव्यवस्था का प्रहार गांवों में होगा, और हुआ भी।

यूरोपीय दर्शन से प्रभावित पं.जवाहरलाल नेहरू ने शहरों को विकास का मानक बना दिया। श्रम आधारित कुटीर उद्योगों की जगह भारी मशीनों का बोलबाला शुरू हुआ। गांव की मिश्रित अर्थव्यवस्था भंग होती गयी। परिणाम यह हुआ कि 90 के ग्लोबलाइजेशन के बाद, टाटा, बाटा सभी गाँव पहुंच गए।

गांव के परंपरागत कौशल को संगठित व बड़ी कंपनियों ने हजम करना शुरू कर दिया। सबसे पहले इसी वर्ग से काम छिना जो गांव की अपनी स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के कारक थे।

मध्यप्रदेश के रीवा जिले के जिस बड़ीहर्दी नामक गाँव का मैं निवासी हूँ उसका इतिहास पाँच सौ वर्ष से ज्यादा पुराना है। जो गाँव दो सौ वर्ष भी पुराने होंगे वहां के उम्रदराज लोगों ने आहिस्ता-आहिस्ता ढहती अर्थव्यवस्था को अपनी नजरों से देखा होगा। हमारे गाँव में प्राय: हर वृत्ति के पारंगत लोग थे। लुहार, बढ़ई, सोनार, ठठेर, ताम्रकार, रंगरेज, कोरी, धोबी, रंगरेज, नाई लखेरा, पटवा, मनिहार, बेहना,भड़भूजा बाँस का काम करने वाले बँसोर,चमड़े का जूता बनाने वाले चर्मकार, कुम्हार, बनिया, किसान। सभी एक दूसरे पर निर्भर या यों कहें परस्पर पूरक।

सन् सत्तर के दशक तक मेरी जानकारी में रुपये का विनिमय महज 10 प्रतिशत था। सभी काम सहकार और वस्तु विनिमय के आधार पर चलते थे। बड़ी कंपनियों के उत्पादों ने गाँव में सेध लगानी शुरू कर दी। सब एक-एक कर बेकार होते गए।

आज मेरे गाँव से लगभग समूचा कामकाजी वर्ग पलायन कर गया। लुहारी टाटा ने छीन ली और बाटा चर्मकार होकर पहुंच गए। सोनारों के धंधे में भी ब्राडेंड कंपनियाँ आ गई।

एक बार टीवी डिबेट मे़ मेरे एक साथी ने आपत्ति उठाई कि आप उनके उत्थान के पक्षधर नहीं हैं क्या? मैंने जवाब दिया हूँ.. कैसा उत्थान चपरासी की नौकरी पाना उत्थान है क्या.? जिनके पास सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी पारंपरिक कौशल है उसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। यदि उन्हें ही कौशल संपन्न बनाया जाता तो आज गाँवों में टाटा-बाटा, तनिष्क नहीं घुसते।

सबसे बड़ा खेल राजनीति का रहा। उन्होंने जातियों को वोट बैंक में बदल दिया और आरक्षण की मृगतृष्णा दिखा कर समूचे कामकाजी समाज को नौकरी की लाइन में खड़ा कर दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि देश की सत्ता का संचालन करने भगवान् स्वयं आ जाएं तो वे सबको नौकरी नहीं दे सकते। एक सुनियोजित साजिश के तहत परंपरागत कौशल छीन कर उद्योगपतियों के हवाले कर दिया गया।

गांधी ने जो ग्रामोद्योग वाली स्वाबलंबी व्यवस्था सोची थी उसका सत्यानाश हो गया। हर छोटे-बड़े काम उद्योगपतियों के हवाले कर दिए गए। उद्योग जातीय बंधन नहीं मानता इसलिए पंडित बिंदेशरी पाठक आज देश के सबसे बड़े स्वीपर हैं और पंडित विश्वनाथ दुबे (जबलपुर) व देशपांडे जी(पुणे) ने देश के सबसे बड़े मुरगीपालक।

आरक्षण से ज्यादा जरूरी था इस वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण। यदि दलित जातियों के पास धन आ जाता तो सामाजिक गैरबराबरी अपने आप मिट जाती। अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना ले़गे।

सत्तानशीनों से पूछिये क्या हुआ सीलिंग एक्ट का? यह तो सांविधानिक व्यवस्था थी कि एक परिवार के पास निर्धारित रकबा से ज्यादा भूमि न हो। अतिशेष जमीन भूमिहीनों में बाँट दी जाए।

छ: दशक काँग्रेस का शासन रहा क्या हुआ उस संविधानिक व्यवस्था का। भाजपा सरकार क्यों नहीं सोचती कि अतिशेष भूमि बाँटी जाए। चौधरी चरण सिंह उत्तरप्रदेश मे़ आज भी चकबंदी के फैसले और उसपर कड़ाई से अमल के लिए जाने जाते हैं।

सत्ता में नए जमाने के जमीदार काबिज हैं। जो नहीं थे वे कुर्सी पाते ही बन गए। आज गांवों के सामने नया संकट है। पहला तो यह कि सत्तर प्रतिशत लैंडहोल्डिंग दस प्रतिशत लोगों के पास है। ये दस फीसद लोगों की दोहरी नागरिकता है। हैं किसान पर रहते शहर में हैं। बड़े नगरों की पचास किमी की परिधि में अब ज्यादातर शहरी साहब ही किसान हैं। जमीनों का मालिकाना हक इन्हीं के पास है। ये बड़े अफसर हैं या व्यवसायी। इनका गाँवों की उन्नति से कोई लेना देना नहीं।

निवेश और औद्योगिकीकरण के नाम पर जोत की जमीनें जा रही हैं। नेशनल हाइवेज का विस्तार में भी जोत की जमीन का बड़ा हिस्सा जा रहा है।

गांव के जो मध्यमवर्गीय किसान हैं उन्हें डराया जा रहा है कि खेती जोखिम का धंधा है। शहरी कारोबारी ठेके की खेती करने गाँव घुस रहे हैं। हताश किसान एक मुश्त रकम पाकर खेती छोड़ रहा है। सरकारें किसानों की सुविधाओं की बातें तो कर रही हैं लेकिन उनका भरोसा नहीं जीत पा रहीं। यह कथित किसान आंदोलन भी कुछ इसी तरह के भ्रम का परिणाम है।

कहीं पढ़ा था कि ब्राजील में ऐसा ही हुआ। गांवों में सिर्फ बीस प्रतिशत लोग रह गए। वे पलायन कर शहरों के स्लम में बस गए। खेती शहरी कारोबारियों के कब्जे मे़ आ गई। अपना देश जब आजाद हुआ था तब 85 फीसद लोग गावों में रहते थे। अब यह आँकड़ा 65 फीसदी तक पहुंच गया। इस दरम्यान शहरों की संख्या तीन गुना बढ़ गई, नब्बे हजार गाँव खत्म हो गए। जब आजादी मिली थी तब कृषि क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 50 प्रतिशत था 2015 में यह 17 प्रतिशत आ गया। 40 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिन्हें विकल्प मिल जाए तो तत्काल खेती छोड़ दें।

गांधी ने कहा था- प्रत्येक गाँव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वाबलंबी हों तभी सच्चा ग्राम स्वराज आ सकता है। आजाद भारत में जमीन पर अधिकार जमीदारों का नहीं, जोतने वालों का होगा, वही असली मालिक होंगे। गांधी के इस सपने को तिल तिल मारा गया।

जिस क्रूर अर्थव्यवस्था की छाया में हम आगे बढ़ रहे हैं उसके चलते गांवों का वजूद संकट में हैं। व्यवस्था की इस अंधी कोठरी में गाँवों की चिंता करने वालों का होना एक रोशनदान का होना है। भारतमाता ग्राम्यवासिनी, गाँव बचेंगे तभी देश बचेगा। हम सब अपने अपने हिस्से का सोचें और जितना बन सके करें।

# आप के वोटर्स पर बीजेपी की नजर, 3 हजार झुग्गी-झोपड़ियों के प्रधानों से मिलेंगे अमित शाह

नई दिल्ली (ए.)। जैसे ही दिल्ली चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म हो रहा है, भाजपा ने विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ी के मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अनोखी पहल शुरू की है। जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान अभियान का उद्देश्य राजनेताओं और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मतदाताओं के बीच की दूरी को पाटना है। इस संबंध को मजबूत करने के लिए, भाजपा नेता, सांसद और विधायक स्थानीय मुद्दों को समझने के लिए इन क्षेत्रों में रातें बिता रहे हैं, ताकि उनकी अभियान रणनीति में एक आकर्षक स्पर्श सुनिश्चित हो सके। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले झुग्गी-झोपड़ियों के मतदाताओं से जुड़ने की पहल के तहत अमित शाह 11 जनवरी को दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी समूहों के नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं। शहर भर की लगभग 3,000 झुग्गी बस्तियों के प्रमुखों के साथ शाह की यह पहली बातचीत



होगी। बैठक शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झुग्गी-झोपड़ी के मतदाताओं से जुड़ने के लिए एक विशेष पहल शुरू की है। पिछले कुछ महीनों में, दिल्ली भाजपा के कई नेता झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से उनके मुद्दों को समझने के लिए मुलाकात कर रहे हैं। लगभग दो दर्जन भाजपा नेता हर हफ्ते इन झुग्गी-झोपड़ियों में एक रात बिता रहे हैं, लोगों से जुड़ने और उनकी चिंताओं के बारे में जानने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले हफ्ते, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने झुग्गीवासियों के लिए दिल्ली के अशोक विहार में 1,675 फ्लैटों का उद्घाटन किया। दिल्ली में लगभग 675 झुग्गी-झोपड़ियाँ हैं, जिनमें से 18-20 प्रतिशत पूर्वी और उत्तरपूर्वी संसदीय क्षेत्रों में स्थित हैं। इन क्षेत्रों ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) को लगातार समर्थन दिया है। हालांकि, बीजेपी आगामी चुनाव में इन वोटरों को अपने पाले में करने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। अपने स्लम विकास अभियान के हिस्से के रूप में, भाजपा बेहतर आवास और बुनियादी ढाँचा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

## शंभू बॉर्डर पर किसान ने निगला जहर, केंद्र के बातचीत न करने से था नाराज; एक पहले ही कर चुका है खुदकुशी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में एक किसान ने सल्फास निगल लिया। किसान की पहचान रेशम सिंह (55) जिला तरनतारन पहूविंड के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेशम सिंह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। अंतिम समाचार मिलने तक किसान की हालत गंभीर बनी हुई है। किसान रेशम सिंह को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बॉर्डर पर मौजूद साथी किसानों ने बताया कि सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान ने सल्फास निगला। जैसे ही इस बारे में किसानों को पता चला तो उन्हें तुरंत मौके पर प्राथमिक सहायता दी गई। इसके बाद उन्हें लेकर तुरंत अस्पताल के लिए रवाना हो गए। बता दें इससे पहले भी 14 दिसंबर को किसान रणजोध सिंह ने सल्फास निगल लिया था। वह उस दिन दिल्ली कूच न करने देने से नाराज हुआ था। करीब 4 दिन बाद उसकी पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में मौत हो गई थी।वहीं दूसरी तरफ खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक है। आज उनके अनशन का 45वां दिन है। डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर (BP) लगातार गिर रहा है। ऐसे में अब वह किसी से मुलाकात नहीं करेंगे।



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

## दिल्ली में केजरीवाल ताकतवर, देशद्रोही कहना ठीक नहीं : संजय राउत


महाराष्ट्र(आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की स्थिति को लेकर राजनीतिक दल असमंजस में हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही प्रमुख दल हैं और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ताकत सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अच्छे मार्जिन से जीत रही है और यह स्थिति पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए अहम है, जो उन्हें आगे चलकर उत्साहित करेगी।इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी



गठबंधन में हैं।वहीं, उन्होंने कांग्रेस नेता अजय माकन के अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही बताने की निंदा की। कहा कि केजरीवाल को देशद्रोही करार देना ठीक नहीं है। हम इस बयान से सहमत नहीं हैं, क्योंकि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी भी इंडिया ब्लॉक के सम्माननीय सदस्य हैं, जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस के साथ हैं और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाए रखेंगे। संजय राउत ने कहा कि दिल्ली में चुनावी स्थिति अलग है और इस बार दोनों पार्टियों के एक साथ चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं को खुशी होगी, क्योंकि इससे गठबंधन और मजबूत होगा।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के दस मछुआरों को गिरफ्तार किया,नाव जब्त

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के कराईकल से दस भारतीय मछुआरों को गुरुवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने मछुआरों की नाव भी जब्त कर ली है। मछुआरों को आगे की पूछताछ और जांच के लिए श्रीलंकाई नौसेना के कांकेसंथुराई शिविर में ले जाया गया है। 16 जून 2024 से अब तक श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर तमिलनाडु के 425 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 58 महंगी मशीनीकृत नौकाओं को जब्त किया है। इनमें से अनेक मछुआरे अभी भी श्रीलंका की जेलों में बंद हैं। इन्हें रिहा कराने की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं, तथा सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।हाल ही में श्रीलंका की यात्रा के दौरान, केंद्रीय विदेश मंत्री ने श्रीलंका सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। कहा था कि वह मछुआरों की गिरफ्तारियां तथा नाव जब्त करने की कार्रवाई को रोकें। हालांकि, इन चर्चाओं के बावजूद, गिरफ्तारियां जारी रहीं, जिससे मछुआरा समुदाय में भय बढ़ता गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखे पत्र में



श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए सभी भारतीय मछुआरों और उनकी मशीनीकृत नौकाओं की रिहाई के लिए तत्काल राजनयिक प्रयास करने का आग्रह किया। 24 दिसंबर को लिखे अपने पत्र में मुख्यमंत्री स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 17 मछुआरों की रिहाई के लिए हस्तक्षेप की मांग की थी।मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि लगातार गिरफ्तारियां और हमले तमिलनाडु के मछुआरों के जीवन को अनिश्चित और खतरनाक बना रहे हैं जो पूरी तरह से पारंपरिक जल में मछली पकड़ने पर निर्भर हैं।उन्होंने चिंता व्यक्त की कि हाल की गिरफ्तारियों और हमलों से मछुआरा समुदाय में भय का माहौल पैदा हो गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय विदेश मंत्री से सभी गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए ठोस कूटनीतिक कदम उठाने का आग्रह किया था।

### कोई व्यवस्था नहीं थी, काउंटर खुलते ही मची भगदड़'; चश्मदीदों ने बयां किए तिरुपति हादसे के हालात

तिरुपति(आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में हुई भगदड़ में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के चश्मदीदों ने जो बताया, वह हैरान कर देने वाला है। एक महिला ने कहा कि टिकट लेने के लिए भीड़ काफी ज्यादा इकट्ठी हो गई थी। उसने कहा कि पहले से टिकट खरीद लेने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई थी। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने टिकट वितरण के लिए दरवाजा खोला, लोगों की भीड़ वहां टूट पड़ी। महिला ने कहा कि उसके परिवार के 20 सदस्य वहां मौजूद थे, जिसमें से 6 घायल हो गए। महिला ने कहा कि वहां बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी थे, जो टिकट के लिए दौड़ पड़े थे। इस कारण भी कई महिला श्रद्धालुओं को चोटें आईं, जिनका इलाज किया जा रहा है। श्रद्धालु ने बताया कि काफी भीड़ होने के कारण भगदड़ मची। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने दरवाजा खोला, लोग टिकट खरीदने के लिए टूट पड़े। टोकन पहले खरीद लेने की कोई व्यवस्था ही नहीं थी। मेरे परिवार के 20 लोगों में 6 घायल हैं। हम 11 बजे लाइन में खड़े हुए थे। कतार में इंतजार करने के दौरान हमें दूध और बिस्किट दिया गया। पुरुषों की भीड़ टोकन खरीदने के लिए दौड़ पड़ी, इसमें कई महिलाएं घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में मृतक महिला मल्लिका के पति ने भी घटना का खौफनाक मंजर बयां किया।

## झारखंड में निरीक्षण ट्रेन में लगी आग

रांची (ए.)। झारखंड के पलामू जिले में एक निरीक्षण ट्रेन में बृहस्पतिवार दोपहर आग लग गई, जिससे क्षेत्र में रेल सेवाएं एक घंटे से अधिक समय तक बाधित रहीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना गढ़वा रोड जंक्शन स्टेशन पर हुई, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारी के मुताबिक, शुरुआती जांच से पता चला है कि ट्रेन में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। हालांकि, घटना के पीछे की असली वजह विस्तृत जांच के बाद ही पता चल सकेगी। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी के अनुसार, निरीक्षण ट्रेन बुधवार को पूर्व-मध्य रेलवे क्षेत्र के धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशन पर पहुंची। बिश्रामपुर के एसडीपीओ (उप मंडल पुलिस अधिकारी) आलोक कुमार टूटी ने बताया कि दमकल की दो गाड़ियों ने आग की लपटों पर काबू पाया। उन्होंने कहा, च्च्राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आग लगने की वजहों की जांच कर रही है।

## प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाने की तैयारी में मंदिर ट्रस्ट, तीन दिनों तक होगा भव्य आयोजन



आयोध्या (ए.)। अयोध्या राम मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की तैयारी कर रही है। समारोह 11 से 13 जनवरी तक होंगे और इसमें आम लोग और वीआईपी दोनों शामिल होंगे। उत्सव में राम कथा, सांस्कृतिक प्रदर्शन और दैनिक अनुष्ठान शामिल होंगे, जिसमें हजारों उपस्थित लोगों के लिए एक बड़ा मंडप और यज्ञशाला स्थापित की जाएगी। उन वीआईपी लोगों को निमंत्रण भेजा गया है जो पिछले समारोह में शामिल नहीं हुए थे और जनता को भी आध्यात्मिक कार्यक्रम देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को अभिषेक करेंगे और समारोह का लक्ष्य सभी के लिए एक भव्य आध्यात्मिक अनुभव होना है। दिर ट्रस्ट के अनुसार, करीब 110 आमंत्रित वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। अंगद टीला स्थल पर एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा, जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन, अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, ट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में तीनों दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। ट्रस्ट ने कहा कि 110 वीआईपी सहित मेहमानों को निमंत्रण पत्र वितरित किए गए हैं। इनमें से कई लोग 22 जनवरी, 2024 को मूल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे।

## आप ने दिल्ली में लगवाए होर्डिंग्स, बीजेपी से पूछा सीएम का नाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर होर्डिंग्स लगवाए हैं, जिसमें भाजपा से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर सवाल पूछा गया है। साथ ही उसे गाली-गलौज पार्टी भी बताया है। आम आदमी पार्टी के इस होर्डिंग में एक तरफ अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगाई गई है, जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह छपा हुआ है। होर्डिंग में सबसे ऊपर लिखा है कि दिल्ली का सीएम कौन? इसके बाद अरविंद केजरीवाल की फोटो के साथ आम आदमी पार्टी का नाम लिखा है। जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह के साथ गाली-गलौज पार्टी लिखा है। आम आदमी पार्टी की तरफ से यह होर्डिंग दिल्ली के वजीरपुर फेस-1 अशोक विहार में लगाया गया है। इसके अलावा एक अन्य होर्डिंग शादीपुर डिपो में लगाया गया है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर बीजेपी से सवाल पूछा था।



आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए चुनाव संचालन समिति की बैठक के दौरान नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा नेता बैजयंत पांडा और अन्य नेता.

## पश्चिम बंगाल के रहने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, लूटे गए मोबाइल और अवैध हथियार बरामद

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में थाना बिसरख पुलिस और तीन शातिर लुटेरे बदमाशों के बीच बीती रात चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई। जिनमें दो बदमाशों को गोली लगने के बाद और एक बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। यह तीनों बदमाश पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और लूट और चोरी के मामलों में पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके पास से लूट के 9 मोबाइल, अवैध हथियार और चोरी की बाइक बरामद हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 8 जनवरी की देर रात थाना बिसरख पुलिस चौकी गौर सिटी-1 के सामने चार मूर्ति के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल, जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे, सामने से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उनको रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुके और तेज गति से मोटरसाइकिल को कैप्सूल गोल चक्कर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा शुरू किया और अन्य पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सामने से भी पुलिस टीम को आता देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास फिसलकर गिर गई और उन्होंने अवैध असलहे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिनकी पहचान मेहमीदुल हक (28), निवासी जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल और मोक्सेदुल हुसैन (22), निवासी जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।

# विविध-समाचार

## महाकुंभ : भारत-नेपाल सीमा का जायजा लेने पहुंचे आईजी, सुरक्षा सख्त करने के निर्देश

बहराइच (आरएनएस)। प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर भी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा का जायजा लेने के लिए बुधवार को देवीपाटन मंडल के आईजी अमित पाठक भारत-नेपाल सीमा रुपईडीहा पहुंचे। यहां पर उन्होंने सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के कारण सुरक्षा व्यवस्था और मुस्तैद होगी।आईजी अमित पाठक ने कहा कि यहां पर यूपी पुलिस और एसएसबी का सेटअप है, जो नेपाल सीमा से जुड़े प्वाइंट से आवागमन को रेग्युलेट करते हैं। आज सारे सेटअप को देखा गया है। इसकी जानकारी ली गई है कि लगभग कितने लोग आ रहे हैं और कितनी गाड़ियां सीमा पार कर रही हैं।उन्होंने बताया कि कार्गो सुविधा भी आईपीसी के माध्यम से चैनलाइज हो रही है। उसमें सुरक्षा बिंदुओं की समीक्षा की गई है। अधिकारियों के साथ बैठक में जो भी बिंदु निकलकर आए हैं, उस पर भविष्य में लेकर कार्रवाई का प्लान बनाया गया है। महाकुंभ को लेकर इस इलाके में सुरक्षा होनी चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर है। यहां से व्यापार और लोगों को आना-जाना होता है। यह महत्वपूर्ण ड्यूटी प्वाइंट है। इस पर मानक सुरक्षा व्यवस्था को सख्ती से पालन करना है। इसके लिए मीटिंग करके सभी पक्षकारों को निर्देश दिए गए हैं और जॉइंट पेट्रोलिंग करके समीक्षा की गई है।

## तेज रफ्तार बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, चार लोगों की मौत- 30 से अधिक घायल

चेन्नई, (आरएनएस)। तमिलनाडु के रानीपेट में गुरुवार को ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रानीपेट पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मंजूनाथ, कृष्णप्पा, शंकरन और सोमशेखरन के रूप में हुई है। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों के शव रानीपेट सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कर्नाटक राज्य परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बता दें कि इससे पहले 26 दिसंबर को चेन्नई-त्रिची हाईवे पर चेंगलपट्टू जिले के पदलम के पास एक सड़क दुर्घटना में व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई थी। उनकी कार एक वाहन से टकरा गई थी, जिससे ये हादसा हो गया था। मृतकों की पहचान गणपति (40), उनकी बेटी हेमा (13) और बेटे बाला (10) के रूप में हुई थी। इस हादसे में गणपति की पत्नी सरन्या (35), उनकी बहन जया (30) और उनकी बेटी दिव्या (3) घायल हो गई थी। उन्हें इलाज के लिए चेंगलपट्टू सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, 12 दिसंबर को कोयंबटूर जिले के मदुक्कराई में एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई थी। इस हादसे में केरल निवासी एक दो महीने के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान जैकब अब्राहम (60), उनकी पत्नी शीबा (55) और उनके पोते आरोन (2 महीने) के रूप में हुई थी। जैकब की बेटी अलीना (21), आरोन की मां घायल हो गई थी। सभी मृतक केरल के पथानामथिट्टा जिले के एराविपेरूर के निवासी थे। यह हादसा तब हुआ, जब वे पथानामथिट्टा से बेंगलुरु जा रहे थे।

## जौनपुर के एक परिवार ने बनाया 'राम मंदिर' का भव्य मॉडल, महाकुंभ में दर्शन कर पाएंगे श्रद्धालु

जौनपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश का प्रयागराज शहर पूरी तरह से महाकुंभ के रंग में सराबोर हो चुका है। 13 जनवरी से शुरू होने जा रहे महाकुंभ के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच, महाकुंभ में इस बार जौनपुर के कलाकारों की प्रतिभा की झलक देखने को मिलेगी। देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालु महाकुंभ में भी राम मंदिर के दर्शन कर पाएंगे। दरअसल, जौनपुर के शाहगंज नगर के रहने वाले राजकुमार कसेरा ने महाकुंभ के लिए 6 फीट ऊंचा, 8 फीट लंबा और 4 फीट चौड़ा राम मंदिर का भव्य मॉडल बनाया है। इस मंदिर को अखाड़ा समिति को भेंट किया गया है। कलाकार राजकुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया, प्रयागराज में इस बार होने वाले महाकुंभ में हमारे बनाए राम मंदिर के भव्य मॉडल के लोग दर्शन कर पाएंगे। हमारी कलाकारी को भी देखेंगे, जो हमारे लिए गर्व की बात है। बता दें कि राम मंदिर भव्य मॉडल बनाने में लगभग 10 दिनों का समय लगा है। इसे बनाने में प्लाई, थर्माकोल और मोती का इस्तेमाल किया गया है। राजकुमार के परिवार के सदस्यों ने दिन-रात मेहनत करके एक सुंदर भव्य राम मंदिर बनाया है। हालांकि, अभी भी राम मंदिर का एक और मॉडल तैयार किया जा रहा है, जिसे कुंभ मेले में भेंट किया जाएगा। राजकुमार ने आगे कहा, उन्हें प्रयागराज के एक दोस्त के माध्यम से महाकुंभ मेले की अखाड़ा कमेटी की तरफ से राम मंदिर मॉडल का निर्माण करने को कहा गया था। जिसके बाद उन्होंने राम मंदिर के मॉडल को बहुत ही शिद्दत और लगन के साथ बनाया और बाद में उसे अखाड़ा कमेटी को सौंपा गया। इसे बनाने में लगभग 15 हजार रुपये का खर्च आया है उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार सभी लोग महाकुंभ में संगम स्नान कर मेले की भव्यता का आनंद उठाएं।

## कशिश से पहले सलमान खान से भिड़ चुके हैं ये कंटेस्टेंट, कुछ ने तो करियर से भी धोया हाथ



बिग बॉस शो न केवल सलमान खान की वजह से फेमस है बल्कि अभिनेता के गुस्से को लेकर भी काफी लोकप्रिय है। ऐसा माना जाता है कि शो में जो भी कंटेस्टेंट भाईजान से पंगा लेता है, उसका करियर खत्म हो जाता है। पिछले दिनों 'बिग बॉस 18' में वाइल्ड कार्ड एंट्री कशिश कपूर ने भी सलमान से तीखी बहस की। अब उनके बाहर आने के बाद लोगों का कहना है कि उन्हें सलमान को जवाब देने का नुकसान झेलना पड़ेगा। तो आज की इस खबर में हम आपको उन कंटेस्टेंट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सलमान खान से शो के दौरान बहस कर चुके हैं। 'बिग बॉस 18' में कशिश का गेम हर किसी को काफी पसंद आ रहा था, लेकिन उनके अचानक एविक्शन से हर कोई हैरान है। वीकेंड के वार पर कशिश ने अविनाश पर उनके साथ फ्लर्ट करने का आरोप लगाया था। सलमान ने कहा कि कशिश ने अविनाश के साथ फ्लर्ट किया और वो फ्लो में बहे जा रहे था। अभिनेता ने कहा, 'एंगल तो आप बनाने गई थीं मैडम। फ्लर्ट आप कर रही थीं तो घटिया वो कैसे हुआ।' इस पर कशिश ने अपनी बात रखनी चाही और भाईजान से एक सेकंड का वक्त मांगा, लेकिन सलमान ने देने से मना कर दिया। इसके बाद कशिश ने जवाब में फाइन कह दिया, उनका यही एटीट्यूड सलमान को बिल्कुल भी नहीं भाया।

'बिग बॉस 14' में रुबीना दिलैक ने भी सलमान से बहस की थी। शो के दौरान भाईजान ने उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाई थी और कहा था, 'सामान पैक कीजिए और चले आइए बाहर।' इस पर रुबीना ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि उन्हें ऐसा लग रहा है कि शो में उनका अपमान किया जा रहा है।

# आयशा खान ने बताया, कैसा है दिल को रफू कर ले में उनका किरदार

बिग बॉस 17 की पूर्व प्रतियोगी आयशा खान जल्द ही शो दिल को रफू कर ले में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने साझा किया कि शो में उनका किरदार जिंदगी से भरपूर और खुशमिजाज है।

अभिनेत्री आयशा शो में रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिल को रफू कर ले में निक्की का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे रवि दुबे और सरगुन मेहता के बैनर ड्रीमियता ड्रामा ने बनाया है।

शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, लेखिका मीनाक्षी स्क्रिप्ट पढ़कर मुझे सुना रही थीं तो मैंने सुझाव दिया कि लड़की का नाम ख्वाहिश होना चाहिए क्योंकि उसके अंदर बहुत सारे सपने और बहुत सारी महत्वाकांक्षाएं हैं। लेकिन मीनाक्षी ने कहा, नहीं यह निक्की है, वह जो हमेशा अपने मन का काम करती है, वह काम को चुटकियों में करती है। सच वह पल मेरे साथ रहा और मुझे एहसास हुआ कि निक्की जिंदगी से भरपूर है। वह एक मस्तमौला, जीवंत और खुशमिजाज लड़की है।

### अभिनेत्री ने बताया कि निक्की वैसी ही हैं जैसी स्क्रीन पर दिखती हैं।

उन्होंने कहा, मेरा व्यक्तित्व बिल्कुल निक्की जैसा है। मैं बहुत सीधी-सादी हूं - चेहरे से, हमेशा खुश रहने वाली, मजेदार और चुलबुली लड़की हूं। लेकिन हां, निक्की की एनर्जी दूसरे स्तर पर है और मुझे नहीं लगता कि मैं इस मामले में उससे मेल खा सकती हूं।



आयशा शो में करण वी ग्रोवर के साथ नजर आएंगी। उन्होंने करण को लेकर कहा कि वह ऑन और ऑफ कैमरा शूटिंग करके बहुत अच्छा समय बिता रही हैं।अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं ऐसे अभिनेताओं के साथ काम करके काफी कुछ सीख रही हूं। करण, चिराग, मीनाक्षी, स्वाति जी, कमल और निर्मल मैम को जब भी मैं परफॉर्म करते देखती हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है और मैं हमेशा उनकी शूटिंग देखने के लिए उत्साहित रहती हूं। अभिनेत्री ने करण के बारे में कहा, वह एक शानदार अभिनेता और एक अद्भुत इंसान हैं। मुझे लगा कि वह बहुत गंभीर व्यक्ति होंगे, लेकिन वह बहुत मजेदार इंसान हैं।

हमारे बीच बहुत अच्छी बॉन्डिंग है और मैं वास्तव में सभी को मिस करने वाली हूं। रवि और सरगुन के बारे में आयशा बोलीं,मैं सरगुन मैम के बारे में क्या कह सकती हूं? वह हमेशा एक प्रेरणा रही हैं। एक निर्माता, अभिनेत्री- आप जो भी नाम लें वह सब हैं। मैं उनको प्यार करने के साथ ही उनका बहुत सम्मान भी करती हूं। वह बहुत मेहनती हैं। जब भी सेट पर होती हैं, तो मैं सबसे खुश होती हूं। उन्हें देखकर मेरी आंखों में चमक आ जाती है।

आयशा ने रवि के बारे में कहा, मैं उनकी प्रशंसक हूं और उन्होंने हमें भरपूर मनोरंजन दिया है। मुझे लगता है कि फिल्में हर कोई बना सकता है, लेकिन रचनात्मक दिमाग रखना और अपनी पूरी कोशिशें लगाना हर किसी के बस की बात नहीं है, लेकिन हां, रवि भैया के बस की बात है। वे दोनों ही अपने दर्शकों के सामने चीजों को पेश करने की कला जानते हैं।

# नई फुटेज के साथ इस तारीख से सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी पुष्पा 2, फिल्म की अवधि में हुआ इजाफा



अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमाए हुए है। रिलीज के करीब महीनेभर बाद भी इसका जलवा बरकरार है। अब इस फिल्म का रिलोडिड वर्जन सिनेमाघरों में आ रहा है। दर्शकों को कुछ अतिरिक्त फुटेज के साथ इस फिल्म को देखने का मौका मिलेगा। बता दें कि दिसंबर में क्रिसमस से पहले मेकर्स ने फिल्म में कुछ और एपिसोड जोड़ने का एलान किया था। इसके बाद फिल्म की अवधि बढ़ जाएगी। जोड़ी गई फुटेज के साथ फिल्म इसी महीने से सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। तारीख जान लेते हैं।मैत्री मूवीज मेकर्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें बताया गया कि फिल्म का रिलोडिड वर्जन 11 जनवरी 2025 से सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। नए एपिसोड जोड़ने से फिल्म की अवधि करीब 20 मिनट और बढ़ जाएगी। अब इसका टोटल रनटाइम होगा 3 घंटे 40 मिनट। फिल्म पुष्पा 2 05 दिसंबर 2024 को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज हुई। कमाई के मामले में यह पहले दिन से रिकॉर्ड तोड़ रही है। रिलीज के 34 दिन इसने शानदार अंदाज में पूरे किए हैं। कल मंगलवार को फिल्म ने ढाई करोड़ रुपये की कमाई घरेलू बॉक्स ऑफिस पर की। अब तक इसका नेट कलेक्शन 1,210.95 करोड़ रुपये हो चुका है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में पुष्पा 2 का भी खूब डंका बज रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 1,831 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

### इस फिल्म का बजट 500 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

पुष्पा 2 के निर्देशक सुकुमार हैं। उन्होंने साल 2021 में इस फिल्म का पहला भाग पुष्पा- द राइज बनाया था, जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर था। फहद फासिल भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

कहानी की बात करें तो पहले भाग में एक आम दिहाड़ी मजदूर रहा पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) चंदन का तस्कर बन चुका है। वह अपने इलाके के लोगों की भलाई के लिए सबकुछ करता है और उनके दिलों का राजा बन जाता है।मेकर्स इस फैसले के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि पुष्पा 2 जल्द ही आमिर खान की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म दंगल, जिसने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 2070.3 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है, को पीछे छोड़ सकती है.

## यश का बर्थडे पर फैंस को तोहफा, टॉक्सिक का जहर टीजर रिलीज, केजीएफ स्टार का फर्स्ट लुक आउट

साउथ सुपरस्टार यश इंडियन सिनेमा में अपना नाम कमा चुके हैं. नवीन कुमार गौड़ उर्फ रॉकिंग स्टार यश के फैंस के लिए आज खुशी का दिन है. यश अपना 39वां बर्थडे मना रहे हैं. जानकर हैरानी होगी कि यश बीते 17 सालों से इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, लेकिन साल 2018 में आई फिल्म केजीएफ चैप्टर 1 से उन्हें वर्ल्डवाइड पहचान मिली है. केजीएफ से पहले यश को कई फिल्मों में देखा गया है, लेकिन यह सभी फिल्में कन्नड़ सिनेमा तक ही सिमटकर रह गईं. आज इंडिया के कोने-कोने में यश की फिल्मों का इंतजार होता है. वहीं, बर्थडे के मौके पर यश ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक से फैंस को बड़ा तोहफा दिया है. यश स्टारर एक्शन एडवेंचर फिल्म टॉक्सिक से यश ने बीती 6 जनवरी को एक पोस्टर शेयर किया था और अपने फैंस को कहा था कि वह अपने 39वें बर्थडे पर फिल्म से बड़ा और सरप्राइज गिफ्ट देंगे. अब यश ने अपना वादा पूरा करते हुए फिल्म टॉक्सिक से फैंस के लिए बड़ा गिफ्ट भेजा है. यश ने अपने बर्थडे पर फिल्म टॉक्सिक से एकदम जहर टीजर शेयर किया है, जिसमें यश को एक बार में पोल गर्ल और बार डांसर के साथ इंटीमेट होते देखा जा रहा है. वहीं, टीजर में यश का फर्स्ट लुक भी देखने को मिल रहा है. कहना गलत नहीं होगा कि यश अपनी इस फिल्म से भी फैंस को बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं. बता दें, फर्स्ट लुक में यश ने क्रीम रंग के कॉस्ट्यू पर हैट लगाई हुई है और वह इस लुक में किसी माचोमैन से कम नहीं दिख रहे हैं. टॉक्सिक- ए डार्क फेयरीटेल को गीतू मोनदास डायरेक्ट कर रही हैं. टॉक्सिक आगामी 10 अप्रैल को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है. यश की यह पैन इंडिया फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए तैयार है.

## मुझे मरने की इजाजत है, डरने की नहीं, हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार का ट्रेलर रिलीज



गायक से अभिनेता बने हिमेश रेशमिया अनंत महादेवन की 2014 की पीरियड थ्रिलर द एक्सपोज से रवि कुमार की अपनी भूमिका को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, जो 1980 के दशक के बॉलीवुड फ्लेवर से भरपूर है। गायक और अभिनेता हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में वह बड़े-बड़े डायलॉग बोलते हुए और एनिमल के रणबीर कपूर की झलक दिखाते हुए नजर आए। वीडियो में उन्होंने प्रभुदेवा के साथ अपने डांस मूव्स को भी दिखाया।

बैडएड रवि कुमार के ट्रेलर में हिमेश रेशमिया दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। वह एक मिशन पर है, जिसे उन्हें हर हाल में पूरा करना है। वहीं इस बीच वह अपने कई दुश्मन बना लेते हैं, जिनसे उन्हें पूरी ताकत के साथ निपटना है। ट्रेलर में वह कहते हैं कि उन्हें मरने में इजाजत है, डरने की नहीं और उनसे पंगा लेना सेहत के लिए हानिकारिक है। इसके साथ ही ट्रेलर में जॉनी लीवर और संजय मिश्रा के कुछ कॉमेडी सींस भी दिखाए गए हैं। वहीं साथ ही हिमेश रेशमिया के कुछ दिल दहला देने वाले दृश्य भी दिखाई गए, जिसमें वे खूनी अंदाज में नजर आए। 2014 की द एक्पोज की रिलीज के लगभग एक दशक के अंतराल के बाद अभिनेता एक बार फिर रविकमार के किरदार में वापस आ गए हैं और अपने किरदार की विरासत को आगे ले जा रहे हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर बेबी जॉन का संघर्ष जारी, अब तक कर चुकी इतनी कमाई

अभिनेता वरुण धवन काफी समय से फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म बीते साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं सकी। पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर फिल्म की हालत पस्त है।



फिल्म को रिलीज हुए 14 दिन हो गए हैं, लेकिन यह अब तक अपना आधा बजट भी नहीं निकाल पाई। फिल्म की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

बेबी जॉन की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक सबसे कम कारोबार है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने अपनी रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 25 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 39.01 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में यह अब तक 57 करोड़ रुपये से अधिक कमा पाई है। यह फिल्म सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है।बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है,वहीं एटली इसके निर्माता हैं। ये थलापति विजय की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है।फिल्म में जैकी श्रॉफ ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। कीर्ति सुरेश, सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है।

## विराट कर्ण की पैन इंडिया फिल्म नागबंधम से प्री-लुक पोस्टर आउट

निर्देशक अभिषेक नामा की महत्वाकांक्षी परियोजना नागबंधम, जिसे द सीक्रेट ट्रेजर कहा जाता है, एक आकर्षक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। किशोर अन्नापुरेड्डी द्वारा एनआईके स्टूडियो, अभिषेक पिक्चर्स और तारक सिनेमा के तहत निर्मित इस फिल्म का नेतृत्व विराट कर्ण कर रहे हैं। प्री-लुक पोस्टर में विराट को एक प्राचीन मंदिर के दरवाजे के सामने खड़े दिखाया गया है, जो भव्यता का संकेत देता है।जगपति बाबू, जयप्रकाश, मुरली शर्मा और बी.एस. अविनाश के साथ नाभा नटेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य भूमिका में हैं। अभिषेक नामा की पटकथा आध्यात्मिक और साहसिक विषयों को जोड़ती है, जो छिपे हुए खजाने की खोज से प्रेरित है। सौंदर राजन एस छायांकन संभालते हैं, अभे संगीत बनाते हैं, कल्याण चक्रवर्ती संवाद लिखते हैं, और संतोष कामिरेड्डी संपादन करते हैं।

# रात में मोजे पहनकर सोना चाहिए या नहीं? यहां जानिए फायदे और नुकसान

सर्दी का सितम जारी है. ऐसे में लोग ठंड से बचने के लिए ऊपर से नीचे तक ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं. कुछ लोगों को कम तो कुछ लोगों को बहुत ज्यादा सर्दी लगती है. ऐसे में रात में सोते समय कई लोग मोजे पहनकर सोते हैं. अगर आपको रात में मोजे पहनकर सोने की आदत है तो ये खबर आपके लिए ही है. यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि रात में मोजे पहनकर सोना चाहिए या नहीं? ये आदत आपके लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक, आइए जानते हैं इसके बारे में.



### क्या आपको सोते समय मोजे पहनने चाहिए?

अगर आपके पैर हमेशा ठंडे रहते हैं तो मोजे पहनना चाहिए. इससे आपके रक्त प्रवाह में सुधार हो सकता है. इसके लिए आपको सूती या ढीले-ढाले ऊनी मोजे चुनने चाहिए. वहीं जिन लोगों के पैर ड्राई या फटे हुए हैं, वो भी फुट क्रीम लगाकर सूती मोजे पहन सकते हैं.

### सोते समय मोजे पहनने के नुकसान

ज्यादा गर्मी लगने की संभावना

जो लोग रात में मोजे पहनकर सोते हैं तो उनका शरीर गर्म होने लगता है. ऐसे में आपको अच्छी नींद तो आती है, लेकिन शरीर ज्यादा गर्म होने से बेचैनी भी हो सकती है.

### फंगल संक्रमण

अगर कोई रोजाना गंदे या टाइट मोजे पहनकर सोता है तो उन्हें बैक्टीरिया या फंगल संक्रमण हो सकता है. इसलिए ये सुनिश्चित करें कि आपके मोजे साफ और ब्रीदेबल हों.

### रक्त संचार हो सकता है गड़बड़

रात में अगर आप सॉक्स पहनकर सो रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि मोजे कभी भी टाइट नहीं होने चाहिए. सॉक्स पहनने से आपका रक्त प्रवाह अच्छा होगा, लेकिन यदि टाइट सॉक्स हैं रक्त प्रवाह बाधित हो सकता है.

### सोते समय मोजे पहनने के फायदे सुधरेगी नींद की गुणवत्ता

ठंडे पैर होने की वजह से कई लोगों को अच्छी तरीके से नींद नहीं आती है. ऐसे में जुराब पहनने से शरीर के तापमान को नियंत्रित करके नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है. गर्म पैर आपके शरीर को मेन टेंपरेचर को कम करने का संकेत देते हैं, जो गहरी नींद शुरू करने और बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण फैक्टर है.

### रक्त संचार में सुधार

खराब रक्त परिसंचरण वाले लोग, जैसे कि रेनॉड की बीमारी वाले लोग, मोजे पहनने से राहत पा सकते हैं. मोजे गर्मी बनाए रखने में मदद करते हैं. इससे पैर सुन नहीं होते हैं, क्योंकि रक्त प्रवाह अच्छे से होता है.

# दोपहर को कुछ मिनट झपकी लेने से क्या उत्पादकता पर कोई असर पड़ता है?



दोपहर की झपकी को लेकर कई धारणाएं हैं, जिनमें से एक यह है कि यह हमारी प्रोडक्टिविटी यानी उत्पादकता को नुकसान पहुंचा सकती है।हालांकि, क्या वाकई ऐसा है? इस लेख में हम इसके पीछे की सच्चाई जानने का प्रयास करेंगे।वैज्ञानिक शोध और विशेषज्ञों के अनुसार, दोपहर के समय झपकी लेने का हमारे शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

आइए जानते हैं कैसे।ऊर्जा बढ़ाने में है सहायक

दोपहर की छोटी सी झपकी लेने से हमारी ऊर्जा स्तर में सुधार होता है।

जब हम लगातार काम करते रहते हैं तो हमारा शरीर थकान महसूस करने लगता है। ऐसे में 20-30 मिनट की नींद हमें तरोताजा कर सकती है और हमारी ऊर्जा को फिर से भर देती है।इससे हम अपने काम को अधिक ध्यानपूर्वक और उत्साह के साथ कर सकते हैं, जिससे उत्पादकता बढ़ती है न कि घटती।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद

दोपहर की नींद हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होती है। यह तनाव कम करने में मदद करती है और मस्तिष्क को आराम देती है। जब हमारा दिमाग शांत होता है तो हम बेहतर निर्णय ले सकते हैं और समस्याओं का समाधान आसानी से ढूंढ सकते हैं।इसलिए दोपहर की नींद लेना मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छा उपाय हो सकता है, जो हमारी कार्यक्षमता को बढ़ाता ही नहीं बल्कि उसे स्थिर भी रखता है।

### याददाश्त सुधारने में है प्रभावी

शोध बताते हैं कि दोपहर को झपकी लेने से याददाश्त बेहतर होती है।

जब हम सोते हैं तो हमारा मस्तिष्क नई जानकारी को प्रोसेस करता रहता है और उसे लंबे समय तक याद रखने लायक बनाता रहता है।इससे हमें नई चीजें सीखने में आसानी होती है। इसलिए अगर आप कुछ नया सीख रहे हों या किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हों तो थोड़ी देर सोना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है ।

### रचनात्मकता बढ़ाने का है साधन

रचनात्मक कार्यों के लिए तरोताजा दिमाग जरूरी होता है।

दोपहर की झपकी से मस्तिष्क को नई ऊर्जा मिलती है, जिससे रचनात्मक सोच विकसित होती है।जब हम किसी समस्या का हल नहीं ढूंढ पाते, तब थोड़ी देर सोकर उठने पर नए विचार आते हैं। इसलिए अगर आप अपनी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाना चाहते हैं तो दिन में थोड़ी देर आराम करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

## जॉर्ज बैली ने दी पैट कमिंस की फिटनेस पर अपडेट, बताया चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं

मेलबर्न(आरएनएस) । ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बैली ने पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है। पैट कमिंस के आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भागीदारी पर संदेह बना हुआ है।

कमिंस ने हाल ही में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सभी पांच टेस्ट खेले, लेकिन गर्मियों के दौरान उन्हें टखने में चोट की समस्या रही। अब इस चोट के लिए उनके स्कैन होंगे।कमिंस को श्रीलंका दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह पितृत्व अवकाश पर हैं और अपने दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनकी फिटनेस ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।बैली ने बताया, पैट अभी पितृत्व अवकाश पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले हफ्ते उनका स्कैन होगा, जिसके बाद हमें उनकी स्थिति का सही अंदाजा होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन के नतीजे और उनकी प्रगति देखने के बाद ही फैसला होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस समय अपने मुख्य तेज गेंदबाजों की चोटों से जूझना पड़ रहा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कमिंस ने दर्द के बावजूद खेला, जबकि मिचेल स्टार्क भी चौथे टेस्ट में चोटिल रहे लेकिन सिडनी टेस्ट में खेलने में सफल रहे।दूसरी ओर, जोश हेजलवुड की पिंडली की चोट के कारण वह गाबा टेस्ट के बाद बाहर हो गए और उन्हें भी श्रीलंका दौरे की टीम में शामिल नहीं किया गया।बैली ने हेजलवुड की रिकवरी पर भरोसा जताते हुए कहा, वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उनकी प्रगति को लेकर हमें सकारात्मक खबरें मिल रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि श्रीलंका दौरे से हेजलवुड को बाहर रखना एहतियातन फैसला था ताकि उनकी लंबी अवधि की फिटनेस सुनिश्चित हो सके। बैली ने कहा, उन्हें इस दौरे के लिए फिट होने में थोड़ा वक्त लगता, इसलिए उन्हें शामिल नहीं किया गया। लेकिन हम आश्वस्त हैं कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पूरी तरह फिट और तैयार रहेंगे।

## महीश तीक्ष्णा बने वनडे में हैट्रिक लेने वाले श्रीलंका के 7वें गेंदबाज, न्यूजीलैंड ने जीता मैच

हैमिल्टन(आरएनएस) महीश तीक्ष्णा ने वनडे क्रिकेट में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका के के सातवें गेंदबाज हैं, जिन्होंने यह कारनामा किया है। तीक्ष्णा की यह हैट्रिक तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में सेडन पार्क में हुई।यह सीरीज श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही है। मेहमान टीम की ओर से तीक्ष्णा ने यह उपलब्धि दो ओवरों में हासिल की। 35वें ओवर में, उन्होंने लगातार दो गेंदों पर न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ को आउट किया। इसके बाद 37वें ओवर की पहली ही गेंद पर मैट हेनरी को पवेलियन भेजकर अपनी हैट्रिक पूरी की।तीक्ष्णा ने 8 ओवर में 44 रन देकर 4 विकेट झटके और अपनी स्पिन गेंदबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह श्रीलंका के किसी गेंदबाज द्वारा छह साल बाद वनडे में हैट्रिक है। इससे पहले 2018 में दुश्मंथा मदुशनका ने बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी।महीश तीक्ष्णा अब श्रीलंका के उन चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने वनडे में हैट्रिक ली है। इनमें चमिंडा वास, लसिथ मलिंगा, दिलशान मदुशनका, थिसारा परेरा, परवेज महरूफ और वानिंदु हसरंगा जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। न्यूजीलैंड की पारी की बात करें तो रचिन रवींद्र ने 79 और मार्क चैपमैन ने 62 रनों की पारी खेली। बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ और मैच 37 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 255/9 का स्कोर बनाया।इसके बाद श्रीलंका की टीम मात्र 30.2 ओवर में 142 रनों पर आउट हो गई। इस तरह से बारिश से प्रभावित मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों से करारी हार मिली। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 66 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेली। कोई और बल्लेबाज खास योगदान नहीं कर सका। न्यूजीलैंड की गेंदबाजी में मैक हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर को एक-एक विकेट मिला।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका दौरे के लिए घोषित की टीम , स्मिथ करेंगे कप्तानी

### कोनोली पहली बार शामिल, मैकस्वीनी की भी वापसी

सिडनी (ए)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने श्रीलंका के खिलाफ इसी माह 29 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दी गयी है क्योंकि टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस अभी निजी कारणों से टीम से बाहर हैं। इसके साथ ही वह उनके टखने में भी चोट है। इस दौरे में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंडर-19 क्रिकेट टीम के उपकप्तान कूपर कोनोली को भी जगह मिली है। इसके अलावा युवा खिलाड़ी नाथन मैकस्वीनी की भी वापसी हुई है। मैकस्वीनी को भारत के खिलाफ सीरीज में विफल होने के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। स्पिनर मैट कुहनेमैन और टॉड मर्फी को भी टीम में जगह मिली है। जोश हेजलवुड और मिशेल मार्श को फिट नहीं होने के कारण टीम में जगह नहीं मिली है। , वहीं ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल, स्पिनर एडम जाम्पा और




पीटर हैंड्सकॉम्ब जैसे खिलाड़ियों को दौरे के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में गया था पर टीम में शामिल नहीं किया गया है। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि श्रीलंका में लाल गेंद से खेलने का अनुभव खिलाड़ियों के लिए काफी अच्छा रहेगा। बेली ने कहा, श्रीलंका दौरा चुनौतीपूर्ण रहेगा क्योंकि यहां खिलाड़ियों को अलग-अलग हालातों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही कहा कहा, हम उन टीम के सदस्यों के लिए भी उत्साहित हैं, जो अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में हैं और उपमहाद्वीप के हालातों में बेहतर प्रदर्शन कर अपने खेल को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

इस सीरीजी का पहला मैच गाले में 29 जनवरी से जबकि दूसरा 6 फरवरी से इसी मैदान में खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है-**

स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उपकप्तान), जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोन्स्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर बनेंगे यूनिस खान !

नई दिल्ली (ए)। । अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के सूत्रों ने बताया कि पूर्व पाकिस्तानी कप्तान यूनिस खान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर के रूप में जुड़ेंगे।

यूनिस इससे पहले 2022 में अफगानिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में छोटे कार्यकाल के लिए काम कर चुके हैं।

एसीबी के सूत्रों ने बताया, यह पक्का हो गया है कि यूनिस 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर रहेंगे। वह टूर्नामेंट से पहले तैयारी कैंप में टीम से जुड़ेंगे और चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक टीम के साथ रहेंगे।

यूनिस खान ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने 118 टेस्ट मैचों में 10,099 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 313 रहा। वहीं, 246 वनडे मैचों में उन्होंने 7,249 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 31.24 था। उन्होंने 7 शतक और 48 अर्धशतक लगाए।

यूनिस ने पाकिस्तान को 2009 में इंग्लैंड में आयोजित पुरुष टी20 वर्ल्ड कप जिताया था।

## ग्राम बखतपुरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, फाइनल मुकाबला पलेरा टीम ने जीता

*टीकमगढ़ (आरएनएस) । ग्राम पंचायत बखतपुरा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम पलेरा और बखतपुरा के बीच खेला गया। इस मुकाबले के मुख्य अतिथि गोविंद सिंह गौर (गुटई राजा), पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारिता बैंक, टीकमगढ़ रहे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गायत्री विनोद वर्मा (चेयरमैन पलेरा), डॉ. अमर सिंह राजपूत (जिला कार्यवाहक कांग्रेस कमेटी टीकमगढ़), ब्लॉक अध्यक्ष पलेरा राजू राय, एडवोकेट मोहन अहिरवार, पार्षद मानसिंह राय और कमलेश पार्षद भी मौजूद थे।पहले बल्लेबाजी करते हुए पलेरा टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और 16 ओवर में 173 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बखतपुरा टीम मात्र 35 रनों पर ही ऑल-आउट हो गई। इस बेहतरीन मैच के दौरान मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतू राय और मैन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार राकेश राजपूत को दिया गया। यह क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन अशफाक मंसूरी, मोंटी यादव, राहुल राजपूत टीला, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी दिनेश कुमार निरंजन (किसान नेता), कपिल साहू, शाहरुख खान, विक्रम राय, केपी यादव, डॉ. अरविंद लोधी, अरविंद यादव, किदारी यादव, इंद्रपाल पाल, राकेश पाल और अन्य के द्वारा किया गया था। टूर्नामेंट में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए एक आर्केस्ट्रा प्रोग्राम भी आयोजित किया गया, जिसे सैकड़ों की संख्या में दर्शकों ने देखा और आनंद लिया। टूर्नामेंट के समापन पर दिनेश कुमार निरंजन ने सभी का आभार व्यक्त किया।*

## बुमराह आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

दुबई (ए)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नंबर एक स्थान पर बने हुए हैं। बुमराह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 908 रेटिंग हासिल करते हुए अपना शीर्ष स्थान बनाये रखा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से पहले 907 अंक लेकर बुमराह सबसे अधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय बने थे। वहीं अंतिम टेस्ट की पहली पारी में दो विकेट हासिल करने के साथ ही बुमराह की रेटिंग में एक अंक का सुधार आया। वह पीठ में ऐंठन के कारण दूसरी पारी में नहीं खेल पाये। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ ही संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह शीर्ष 10 में आने वाले बुमराह के बाद दूसरे भारतीय हैं।

# मंधाना की कप्तानी में आज आयरलैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

राजकोट (ए)। स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय महिला किकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में जीत के इरादे से उतरेगी। हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज में जीत से टीम उत्साहित है और उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनो ही प्रारूपों में सबसे अधिक रन बनाए। अब उनका लक्ष्य इस सीरीज में भी बेहतर बल्लेबाजी करना रहेगा।

इस सीरीज में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम देकर मंधाना को कप्तानी दी गयी है। हरमनप्रीत के अलावा तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को भी आराम दिया गया है। ऐसे में इस सीरीज में हरलीन देयोल, प्रतीका रावल को शामिल किया गया है। टीम में रन बनाने की जिम्मेदारी मंधाना के अलावा जेमिमा रौड्रिग्स पर भी रहेगी।

गेंदबाजी में रेणुका के नहीं होने से अब नई गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर को शामिल किया गया है। एकदिवसीय में तीन और टी20 में 13 विकेट ले चुकी साधू इस बार भी बेहतर करना चाहेंगी। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी रफ्तार और स्विंग से प्रभावित किया




है। वहीं साइमा ने अब तक आठ एकदिवसीय में सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा आफ स्पिनर और उपकप्तान दीप्ति शर्मा की भूमिका भी अहम होगी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 31 रन देकर छह विकेट लिये । उनका साथ देने के लिये प्रिया मिश्रा और तनुजा कंवर होंगी। ऑलराउंडर राघवी बिष्ट और सयाली सतघारे को भी टीम में शामिल किया गया है। वह इस अवसर का लाभ उठाना चाहेंगी। वहीं दूसरी ओर गैरी लुईस की कप्तानी वाली आयरलैंड भी अपनी ओर से पूरी तकता लगा देगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो आयरलैंड टीम ने अब तक 12 एकदिवसीय में एक भी बार भारत को नहीं हराया है। ऐसे में इस सीरीज में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

भारत : स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा, प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, उमा छेत्री, रिचा घोष, तेजल हसंबिस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधू, साइमा ठाकोर, सयाली सतघारे।

आयरलैंड : गैबी लुईस (कप्तान), एवा केनिंग, क्रिस्टिना रीली, अलाना डालजेल, लौरा डेलानी, जॉर्जिना डेंपसे, सारा फोर्ब्स, अर्लेने केली, जोआना लोगरान, एमी मागिरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडेरगास्ट, उना रेमंड होए, फ्रेया सार्जंट, रेबेका स्टोकेल।

## विदेश समाचार

# अमेरिका : लॉस एंजिल्स के जंगलों की भयानक आग 10 हजार एकड़ में फैली, 5 की मौत

कैलिफोर्निय(आरएनएस) अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले काउंटी लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग अब और भयानक रुप ले लिया है। इससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। इस आग से 1,100 इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग अब विकराल रूप ले चुकी है। यह आग फैलकर अब लॉस एंजेलिस और हॉलीवुड हिल्स में तबाही मचा रही है, जिससे हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं। वहीं अब तक 5 लोगों की मौत कर खबर है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस भयानक आग ने लगभग 1,000 से ज्यादा घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे सांता मोनिका पर्वतमाला और प्रशांत महासागर के बीच बने कई महंगे घर भी प्रभावित हुए हैं। मालिबू के लिए भी नई चेतावनी जारी की गई है।

कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेस्ट्री एंड फायर प्रोटेक्शन (कैल फायर) ने जानकारी देते हुए कहा कि पैलिसेड्स में मंगलवार से शुरू हुई विनाशकारी आग ने तेज हवा की वजह से विकराल रुप ले लिया है। बुधवार दोपहर तक यह आग 15,800 एकड़ (63.9 वर्ग किमी) तक फैल गई और इस पर काबू नहीं पाया जा सका।

कैल फायर ने कहा, अग्नि की प्रकृति जिसमें छोटी और लंबी दूरी से



आग का पता लगाना भी शामिल है,एक चुनौती बना हुआ है।

लॉस एंजिल्स शहर के पश्चिम में 32 किमी दूर स्थित एक समृद्ध समुदाय में, कई ऐतिहासिक स्थल, जिनमें ग्रीक और रोमन प्राचीन वस्तुओं को प्रदर्शित करने वाला शानदार गेट्टी विला संग्रहालय और मध्य शताब्दी का आधुनिक ईम्स हाउस भी आग के खतरे में है।

वही इस भयानक आग से पैलिसेड्स के तीन स्कूलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार शाम को लगी ईटन की आग ने लॉस एंजिल्स के दो पड़ोसी शहरों अल्ताडेना और पासाडेना के पास 10,600 एकड़ (42.9 वर्ग किमी) से अधिक क्षेत्र को जला दिया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कैल फायर ने कहा कि अग्निशमन कर्मी आग को फैलने से रोकने के लिए काम कर रहे है। भीषण के कारण राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपना विदेशी दौरा रद्द कर दिया है। वहीं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कैलिफोर्निया के गवर्नर पर भड़कते दिखाई दिए।अधिकारियों ने दक्षिणी कैलिफोर्निया में खतरनाक जंगली आग की स्थिति के लिए तेज हवाओं और सूखी वनस्पति को जिम्मेदार ठहराया है। रात में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से असाधारण रूप सस्थानीय टीवी स्टेशन केटीएलए ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स, वेंचुरा, ऑरेंज, सैन बर्नार्डिनो, रिवरसाइड और सैन डिएगो काउंटियों में जंगली आग के कारण व्यापक बिजली कटौती से बुधवार दोपहर तक 4 मिलियन से अधिक ग्राहक प्रभावित हुए।

वहीं कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को आपातकाल घोषित करने के साथ तेजी से फैल रही आग के चलते हजारों लोगों से वहां से निकलने का कहा।

## दुनिया देख रही है, हमें कुछ करना होगा : बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर भारतीय अमेरिकी सांसद


वाशिंगटन (आरएनएस) । भारतीय अमेरिकी कांग्रेसी राजा कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ फिर से आवाज उठाई। मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने अगस्त 2024 में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद के हालात पर बात की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कृष्णमूर्ति ने शेख हसीना के पद छोड़ने के बाद हिंदुओं पर हमलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाता हूं। 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, अनुमानतः 300,000 से 30 लाख लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश हिंदू थे। बांग्लादेश में हिंदुओं को आज भी निशाना बनाया जा रहा है - उनके घरों और व्यवसायों को नष्ट कर दिया जा रहा है, और उनके मंदिरों में तोड़फोड़ की जा रही है।

भारतीय अमेरिकी कांग्रेसी ने कहा, पिछले अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री हसीना को पद से हटाए जाने के बाद से ये हमले फिर से बढ़ गए हैं, अकेले अगस्त में 2,000 से ज़्यादा घटनाएं सामने आई हैं। मैंने विदेश विभाग से बात की है और आगामी सीनेट की पुष्टिकरण सुनवाई में कार्रवाई करने का आह्वान किया है, लेकिन हमें और भी कुछ करना होगा। मैं अपने सहयोगियों से बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए अभी कार्रवाई करने करन की अपील करता हूं। दुनिया देख रही है और हम इतिहास को खुद को दोहराने नहीं दे सकते।

पूर्व पीएम और आवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना को पिछले साल अगस्त में छात्र आंदोलन से उभरे आक्रोश के बाद सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था। इसके बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया जो फिलहाल देश का सत्ता संभाल रही है। अंतरिम सरकार के वजूद में आने के बाद से देश में कट्टरवादी ताकतों को मजबूती मिली है। अल्पसंख्यक समुदायों और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। सरकार पर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव बरतने के आरोप लग रहे हैं।

# तालिबान अफगानी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नही होने देगा



### दुबई में अफगानिस्तान के मंत्री मुत्ताकी और विक्रम मिस्त्री की हुई मुलाकात

रियाद,(ए)। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री दुबई के दौरे पर हैं। उन्होंने दुबई में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की। यह अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद अफगानिस्तान की सरकार के साथ भारत की पहली उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बातचीत है। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों से लेकर क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इस दौरान अफगानिस्तान में भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताओं, निकट भविष्य में दोनों देशों के बीच कई प्रोजेक्ट्स पर विचार करने की जरूरत, पाकिस्तान से अफगान शरणार्थियों के पुनर्वास में मदद करने पर चर्चा की गई, लेकिन दो बड़े मुद्दे जिन पर चर्चा हुई वह थे ईरान के चाबहार बंदरगाह का इस्तेमाल और दोनों देशों के बीच क्रिकेट। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगान सरकार ने भारत की सुरक्षा चिंताओं की जरूरतों पर गौर किया। भारत की सबसे बड़ी चिंता यही है कि अफगानिस्तान की जमीन से भारत विरोधी आतंकी समूहों को पनपने ना दिया जाए। तालिबान ने कहा कि अफगानी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नही होने दिया जाएगा। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने भारत और अफगानिस्तान के लोगों की ऐतिहासिक दोस्ती का भी जिक्र किया। दोनों पक्षों ने भारत सरकार की ओर से चलाए गए मानवीय सहायता प्रोग्राम का मूल्यांकन किया।भारत ने पड़ोसी देश को कई शिपमेंट भेजे हैं, जिसमें 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं, 300 टन दवा, 27 टन भूकंप राहत, 40 हजार लीटर कीटनाशक, पोलियों की 10 करोड़ खुराकें शामिल हैं

## इजरायली सेना को गाजा में एक व्यक्ति का मिला शव, 7 अक्टूबर 2023 को बनाया गया था बंधक

यरूशलम ,(ए)। गाजा के राफा क्षेत्र में एक सुरंग से एक शव बरामद किया गया है। शव की पहचान यूसुफ जियादने के तौर पर हुई है। इजरायली सेना द्वारा बताया गया कि यूसुफ जियादने को 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान हमास ने अपहरण कर लिया था।इजरायल के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन में जियादने (53) की मंगलवार को मृत होने की पुष्टि की गई।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेना ने बुधवार को बताया कि उसकी कैद में मौत हुई है। उसके बेटे हमजा को भी बंधक बनाया गया था। जियादने और उसके तीन बच्चों हमजा (22) बिलाल (18) और आयशा (17) का किबुत्ज होलिट में काम करते समय अपहरण कर लिया गया था। बिलाल और आयशा को नवंबर 2023 में कैदियों की अदला-बदली के दौरान रिहा कर दिया गया।इजरायली अधिकारियों के अनुसार, 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के हमले के दौरान बंदी बनाए गए 251 लोगों में से लगभग 100 गाजा में ही हैं, जिनमें से 36 के मारे जाने की आशंका है।यह खुलासा ऐसे समय हुआ है जब वार्ताकार कतर की राजधानी दोहा में संभावित युद्धविराम-बंधक समझौते पर नए सिरे से बातचीत के लिए बैठक कर रहे हैं, हालांकि अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

## अमेरिका ने 158 साल पहले खरीदा था अलास्का, अब ग्रीनलैंड के लिए देनी पड़ेगी इतनी रकम, ट्रंप को क्यों है इसकी जरुरत

वाशिंगटन,(ए)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर डेनमार्क के स्वशासित क्षेत्र और दुनिया के सबसे बड़े द्वीप ग्रीनलैंड को खरीदने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी इस मुद्दे पर विचार किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।



ऐसा बिल्कुल नहीं है कि अमेरिका ने पहले कोई क्षेत्र नहीं खरीदा हो। देश के सबसे बड़े राज्य अलास्का को वाशिंगटन ने 1867 में रूस से खरीदा था।

अलास्का और ग्रीनलैंड दोनों ही क्षेत्रों में ठंडी जलवायु, कम जनसंख्या घनत्व, रणनीतिक लोकेशन और तेल भंडार हैं। 586,412 वर्ग मील वाले अलास्का की कीमत तब 7.2 मिलियन डॉलर थी, जो आज लगभग 153.5 मिलियन डॉलर है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 836,000 वर्ग मील में फैले ग्रीनलैंड की कीमत अलास्का की समायोजित कीमत से 50 प्रतिशत अधिक होने के आधार पर अनुमानित 230.25 मिलियन डॉलर हो सकती है।

अमेरिका पहले भी ग्रीनलैंड को खरीदने की संभावनाओं पर विचार कर चुका है। 1946 के अमेरिकी प्रस्ताव में ग्रीनलैंड को 100 मिलियन डॉलर के सोने के बदले खरीदने पर विचार किया गया था, जो आज के 1.6 बिलियन डॉलर से अधिक के बराबर है। अमेरिका ने 1917 में डेनमार्क से यूएस वर्जिन आइलैंड्स को 25 मिलियन डॉलर के सोने (आज के हिसाब से लगभग 616.2 मिलियन डॉलर) में खरीदा था। 1803 में फ्रांस से लुइसियाना को 15 मिलियन डॉलर (आज के हिसाब से लगभग 418.8 मिलियन डॉलर) में खरीदा था। ग्रीनलैंड की जीडीपी 2021 में 3.24 बिलियन डॉलर थी।

## जस्टिन ट्रूडो सरकार को बड़ा झटका, हरदीप सिंह निज्जर हत्या केस में चारों आरोपी जमानत पर रिहा

ओटावा(आरएनएस) । हरदीप सिंह निज्जर हत्या केस में जस्टिन ट्रूडो सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुपीम कोर्ट ने मामले में चारों आरोपियों को कानूनी सुनवाई लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया है।

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक चार प्रतिवादियों में से तीन वीडियो के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश हुए जबकि चौथे का प्रतिनिधित्व वकील ने किया। अभियुक्त की अगली अदालती उपस्थिति 11 फरवरी, 2025 को निर्धारित की गई है।

18 जून 2023 को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में करण बराड़, कमलप्रीत सिंह, करणप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह को आरोपी बनाया गया।

निज्जर हत्याकांड नई दिल्ली और ओटावा के संबंधों में बड़े विवाद की वजह बन गया जब कनाडा के पीएम जस्टिसन ट्रूडो ने इस हत्या में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने 18 सितंबर 2023 को संसद में कहा था, पिछले कुछ हफ्तों से, कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार के एजेंटों और निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों की सक्रिय रूप से जांच कर रही हैं।

# राजस्व मंत्री ने ग्राम महोड़िया में 21 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों एवं ग्राम गुराड़ी में 41 लाख रूपये से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का किया लोकार्पण

*सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं अनेकों योजनाएं - राजस्व मंत्री वर्मा*







सीहोर (निप्र)। सीहोर तहसील ग्राम महोड़िया में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने 7.80 लाख रूपये लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन, 8.53 लाख रूपये से निर्मित पुलिया, 3.82 लाख रूपये से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्रीबॉल तथा 01 लाख रूपये से निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने इछावर तहसील के ग्राम गुराड़ी में 41 लाख रूपये लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज हम और हमारा देश सेना की वजह से सुरक्षित है। हमारे सैनिक देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ त्यागने के साथ ही अपने प्राण तक न्योछावर कर देते है। भारत माता के सच्चे सेवक हमारे देश के सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस त्याग और योगदान से ही आज हम चैन की नींद सो पाते हैं। यह बात उन्होंने शहीद सेनिक मोरसिंह धनगर के स्मृति में बनाए गए शहीद स्मारक के लोकार्पण अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि पूरा देश अपने सेनिकों के साथ में हमेशा खड़ा रहता है। कार्यक्रम में उन्होंने पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का वर्चस्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। सरकार सबका साथ, सबका विकास करने की भावना के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य कर रही है। सरकार द्वारा गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी बड़े से बड़े निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा के आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महाभियान 1.0 एवं राजस्व महाभियान 2.0 की सफलता के बाद अब राजस्व महाभियान 3.0 चलाया जा रहा है। जिसमें आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। अब किसी भी व्यक्ति को अपने राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्यालयों के चक्कर नही लगाते पड़ते। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए अनेकों हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने मंच से सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को अपने राजस्व संबंधी कार्यों एवं अन्य योजनाओं के लाभ के लिए परेशान न होना पडे। जो अधिकारी अपने कर्तव्य पालन के लापरवाही करेंगे उन सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## सात दिवसीय शिव महापुराण में सती चरित्र का वर्णन

सीहोर (निप्र)। भगवान शंकर की लीला अपरंपार है, मां पार्वती की महिमा का वर्णन करने में शास्त्र भी थक जाते हैं। शास्त्रों में भगवान शिव और मां पार्वती को श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बताया गया है। घनीभूत श्रद्धा के प्रतिबिम्ब भोले शंकर और भगवती पार्वती के पुत्र कार्तिकेय ने ही तारका सुर का वध कर संसार को असुर के अत्याचार से मुक्त कराया था। शिव की समाधि को मन्मथ के माध्यम भंग किया गया ताकि श्रद्धा के साथ विश्वास का विवाह हो सके। उक्त विचार शहर के करोली माता मंदिर में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण के दौरान कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने कहे। इसके अलावा शबरी और भगवान श्रीराम और भरत का प्रसंग बताया गया। शुक्रवार को कार्तिकेय गणेश जन्मोत्सव का विस्तार से वर्णन किया जाएगा।उन्होंने शिव एवं सती के विवाह के बारे में बताया की भगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों में वर्णन मिलता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था। सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह सम्पन्न हो गया। एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञ में समाहित हो गई। इसके बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत डी बी सी पी एल का अनोखा जागरुकता अभियान



सीहोर (निप्र)। छोटी सी लापरवाही से लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं लेकिन अगर सावधानी बरती जाए तो काफी हद तक दुर्घटनाएं रुक सकती है (डी बी सी पी एल- सी एस आर प्रबंधक)। देवास भोपाल फोरलेन प्रबंधन द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बड़े चौराहे, चौराहे पर स्थित पंचायतो के ग्रामीणों, पंचायत स्थित स्कुलो मे यातायात नियम पालन के लिए जागरूक किया। सी.एस.आर. मैनेजर पाण्डेय ने बताया की देवास भोपाल फोरलेन जिला सीहोर एस पी साहब के निर्देश एवं ए. एस. पी. साहब के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ जी के सहयोग से मेरे द्वारा सड़क सुरक्षा के लिहाज से बरती जाने वाली सावधानी बता ग्रामीणों को दुर्घटना बचाव की सिख दी जा रही है तथा वाहन चलाते समय सड़क सांकेतिक के महत्त्व के साथ अन्य सावधानी गति सिमा का ध्यान , नशा न कर के वाहन उपयोग करने , चौराहे पर रुक दाए , बाये देख रास्ता पार करने एवं सुरक्षा के हिसाब से सभी सावधानियों से अवगत कराया जा रहा है। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने सड़क उपयोग कर्ताओ से निवेदन किया है की अगर आप लोग सीट बेल्ट , हेलमेट, गति सीमा का ध्यान, मोबाईल पर बात न कर ,रात्रि में डिपर का उपयोग कर, चौराहा पार करते समय सजगता के साथ नियम पालन करते हुवे अपनी गति को नियंत्रण में रख कर बाहन का परिचालन करे तो छोटी व् बड़ी दुर्घटना टल सकती है। इस मौके पर , पुलिस प्रशासन, डी बी सी पी एल कर्मचारी व कई सम्माननीय उपस्थित थे ।

# 28 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव में शहर की बालिकाओं ने हासिल किया प्रथम स्थान

सीहोर (निप्र)। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 28 वे युवा उत्सव में सीहोर की अग्रणी नृत्य संस्था चारु नृत्य भूमि कथक कला केंद्र की कुल छह छात्राओं ने समूह लोक नृत्य में जिला ओर संभाग स्तर पे प्रथम स्थान पाकर, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में जिन छात्राओं ने इस समूह लोक नृत्य में अपना उत्तम प्रदर्शन कर सीहोर को गौरांवित किया, उनमें सिद्धि माहेश्वरी शानवी शर्मा, ऐश्वर्या शर्मा, साक्षी तिवारी, आद्या दुबे, अनन्या जांगड़े, तथा संगीत स्वर नीतू वर्मा, हारमोनियम प्रांजल गठोनिया, बांसुरी पर महक वारिया एवं ढोलक पर दक्ष शर्मा ने आपका साथ दिया। कार्यक्रम का आयोजन राजधानी भोपाल में किया गया था। इस मौके पर समस्त गुरु जन आप सभी छात्र-छात्राओं को अपना आशीष,स्नेह देते हुए आपके उज्वल भविष्य की कामना की।



# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

सीहोर (निप्र)। नगर पालिका परिषद एवं जिला क्षय केंद्र द्वारा नगर पालिका के आश्रय स्थल में रुकने वाले हितग्राही एवं स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि इस शिविर में 171 हितग्राही एवं स्वच्छता मित्रों स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में योगेश राठी, डॉक्टर जागृति चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 17 लाख रुपये से अधिक की जब्त मदिरा एवं महुआ लहन किया गया नष्ट




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा गठित की गई समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा सीहोर स्थित देशी मद्य भाण्डागार प्रांगण में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत पंजीबद्ध कुल 855 प्रकरणों मे जब्त की गई 17,86,000 रुपये मूल्य की 7,608 लीटर देशी, विदेशी, कच्ची मदिरा एवं 718 महुआ लाहन के जप्त सेम्पलों का नष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण की यह कार्रवाई लोक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए रोड रोलर से की गई। इस कार्रवाई दौरान समिति के अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने उपमुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

सीहोर (निप्र)। वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को अपनी बेटी डॉ. अवनीत अरोरा खिवानी एवं डॉ कुशाग्र खिवानी के नवनिर्मित अस्पताल के लोकार्पण को लेकर आमंत्रण दिया है। श्री अरोरा ने उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल के निवास पर पहुंचकर उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं उन्हें अस्पताल के लोकार्पण का आमंत्रण भी दिया। यहां बता दें कि श्री अरोरा की बेटी एवं दामाद ने राजधानी भोपाल में नवीन अस्पताल का निर्माण कराया है एवं जल्द ही उसका लोकार्पण भी होना है। इसको लेकर उन्होंने ये आमंत्रण दिया है। लोकार्पण को लेकर श्री अरोरा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रण देने पहुंचेंगे।

# सात दिवसीय शिव महापुराण में सती चरित्र का वर्णन

**भगवान शिव ने जगत के कल्याण के लिए किया विवाह-कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण आचार्य**



सीहोर (निप्र)। भगवान शंकर की लीला अपरंपार है, मां पार्वती की महिमा का वर्णन करने में शास्त्र भी थक जाते हैं। शास्त्रों में भगवान शिव और मां पार्वती को श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बताया गया है। घनीभूत श्रद्धा के प्रतिबिम्ब भोले शंकर और भगवती पार्वती के पुत्र कार्तिकेय ने ही तारका सुर का वध कर संसार को असुर के अत्याचार से मुक्त कराया था। शिव की समाधि को मन्मथ के माध्यम भंग किया गया ताकि श्रद्धा के साथ विश्वास का विवाह हो सके। उक्त विचार शहर के करोली माता मंदिर में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण के दौरान कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने कहे। इसके अलावा शबरी और भगवान श्रीराम और भरत का प्रसंग बताया गया। शुक्रवार को कार्तिकेय गणेश जन्मोत्सव का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। उन्होंने शिव एवं सती के विवाह के बारे में बताया की भगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों में वर्णन मिलता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था। सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह सम्पन्न हो गया। एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञ में समाहित हो गई। इसके बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। तारकासुर नाम के एक असुर का उस समय आतंक था। देवतागण उससे भयभीत थे। तारकासुर को वरदान प्राप्त था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है। उस समय भी भगवान शिव अपनी तपस्या में लीन थे। तब सभी देवताओं ने मिलकर शिव और पार्वती के विवाह की योजना बनाई। भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा गया लेकिन वह भस्म हो गए। देवताओं की विनती पर शिव जी पार्वती जी से विवाह करने के लिए राजी हुए।

## मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह योजना में राशि स्वीकृत करने के अधिकार अब जिला कलेक्टर को

सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह योजना के तहत हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने 2 लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदान कर दिये है। प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि दिव्यांगों को विवाह करने के लिये विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में विवाह करने वाले दंपति में अगर एक व्यक्ति दिव्यांग होता है तो राज्य सरकार दो लाख रूपये तथा दंपति में दोनों दिव्यांग होते है तो एक लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है। इस योजना में हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि आसानी से प्राप्त हो सके। इस उद्देश्य से राशि स्वीकृति के अधिकार जिला स्तर पर अब कलेक्टर को दिये गये है।

# पेयजल टंकी का हुआ भूमि पूजन, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा मिलेगा शुद्ध पानी

**शहरवासियों को मिले नियमित पेयजल इसके लिए बनाई जा रही आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकियां**



सीहोर (निप्र)। महानगर की तर्ज के विकास के साथ नियमित रूप से लोगों को शुद्ध रूप से पेयजल की पूर्ति के उद्देश्य से शहर के वार्ड क्रमांक 34 के अंतर्गत आने वाले पुरानी निजामत सहित करीब दस हजार से अधिक क्षेत्रवासियों की पानी की पूर्ति के लिए गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर उपस्थित कन्याओं से भूमि पूजन कराते हुए कहा कि क्षेत्र में शुद्ध पेयजल के प्रबंध का उद्देश्य लोगों का मजबूत स्वास्थ्य तथा समग्र विकास का मूल लक्ष्य हासिल करना है। इस बात पर भी जोर दिया कि पीने के पानी की शुद्धता से ही मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी बढ़ोत्तरी की जा सकती है।शहरवासियों को नियमित रूप से पेयजल की सप्लाई हो इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा प्रयास किए जा रहे है। पानी टंकी निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने बताया कि शहरवासियों को एक दिन छोड़कर पानी की पूर्ति की जा रही है। लेकिन अमृत-2 मिशन के तहत बनने वाली आधा दर्जन से ज्यादा पानी की टंकियों और करीब 105 किमी लंबी पेयजल पूर्ति लाइन बिछने के बाद 20 सालों तक क्षेत्रवासियों को नियमित भरपूर पानी की सप्लाई होने लगेगी।करीब 68 लाख की लागत से बनाई जाने वाली पेयजल टंकी से अनेक वार्ड के लोगों को पेयजल की पूर्ति की जाएगी। भूमि पूजन के दौरान बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल रहें।

# 11 जनवरी को खेला जाएगा ट्राफी का सेमीफाइनल

सीहोर (निप्र)। एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 का आयोजन शहर के बीएसआई मैदान पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता में आधा दर्जन से अधिक टीम शामिल हुई है। गुरुवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सुपर हिटर ने वेदांत को 29 रन से हराया। इस मैच में सुपर हिटर की ओर से अंकित गौरव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 10 रन देकर 5 विकेट हासिल किए थे। वहीं दूसरा मैच आरएनटीयू ने आफिसर इलेवन को आठ विकेट से हराया। इस मैच में सलामी बल्लेबाज जी सतीश और जय ने 43-43 रन की पारी खेली।झ पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर हिटर ने निर्धारित 17 ओवर में पांच विकेट खोकर 122 रन बनाए थे। इसमें अभिषेक ने 51 रन और सोमराज मालवीय ने 40 रन की पारी खेली। इधर वेदांत की ओर से गेंदबाजी करते हुए फहाद ने 3 विकेट, सौरभ-अमन खान ने 1-1 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेदांत की टीम 12 ओवर में ढेर हो गई। इसमें संत गुर्जर ने 18 रन, सौरभ साहु ने 29 रन और सौरभ ने 40 रन बनाए थे।

# कैलाश मानसरोवर की आजादी के लिये भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने निकाली बाइक रैली

**युवाओं ने की कैलाश मानसरोवर को चीन से आजाद करने की मांग जताया विरोध**



सीहोर (निप्र)। भारत तिब्बत सहयोग मंच के तत्वाधान में पुरे भारत वर्ष में बाईक रैली निकालकर चीन से तिब्बत को आजाद कराने हेतु चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। मंच के पदाधिकारी व सदस्यों का गुरुवार को सीहोर आगमन हुआ। सीहोर आगमन पर स्थानीय सेकड़ाखेड़ी चौराहे पर तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने अपने साथियों के साथ रेली में सम्मिलित सभी पदाधिकारियों का सदस्यगणों पुष्पहारों से स्वागत किया और बाईक रैली शामिल हुए। बाईक रैली का मुख्य उद्देश्य कैलास मानसरोवर को चीन से आजादी दिलाना ताकि तिब्बत भगवान शिव शंकर का कैलाश मानसरोवर चीन से आजाद हो सके। इससे चीन की विस्तारवादी नीति को भी झटका लगेगा भारत तिब्बत सहयोग मंच कार्यकर्ता बाइक रैली निकालते हुए। सीहोर शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली रैली भारत तिब्बत सहयोग मंच जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने तत्वावधान में बाइक रैली का आयोजन किया गया श्री गुप्ता ने बताया कि रैली का उद्देश्य लोगों को भारत और तिब्बत के रिश्तो के लिए जागरूक और रिश्तो को मजबूत कर तिब्बत को चीन से आजाद कराना है। भारत की एक बहुत बड़ी सीमा तिब्बत से लगी हुई है। यदि तिब्बत आजाद हो जाता है तो लोगों को चीन की विस्तार वादी नीति से छुटकारा मिल जाएगा। कहा कि हमारे आराध्य भगवान शंकर का निवास स्थान कैलाश मानसरोवर पर्वत जो कि चीन के कब्जे में है। उसे भी चीन से आजाद कराना है और यह आंदोलन अयोध्या मंदिर की तरह ही बड़े रूप में किया जाएगा। साथ ही साथ धूर्त चीन की विस्तार वादी नीतियों से निपटने हेतु उसे आर्थिक रूप से तोडने के लिए चीनी सामान का बहिष्कार करना भी एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।


## जाहिर सूचना

दो मंज़िला मकान जो कि भूखण्ड भूमि खसरा नंबर 13/2 /1 /1 /1 /1, 296/13 का भाग क्रय रकबा 750 वर्गफीट जो के स्थिति वैशाली नगर शेरपुर तहसील व जिला सीहोर मध्य प्रदेश जिसमें नामांतरण करने के बाद एवं हिस्सा 7/6366 यानि 750 वर्गफ़ीट में बने दो मंज़िला मकान जिसके पूर्व में कटारे जी का मकान पश्चिम में 20 फ़ीट चौडा रास्ता उत्तर में नागेंद्र तोमर का मकान और दक्षिण में विष्णु यादव का रिक्त भूखंड।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के मेरे पक्षकार क्रेता, द्वारा विक्रेता श्रीमती अंजू सेंगर पत्नी श्री मनोज सेंगर आयु-वयस्क, निवासी कनकपुरी भोपाल नाका सीहोर तहसील व जिला सीहोर मध्य प्रदेश से उनके स्वामित्य एवं अधिपत्य की दो मंज़िला मकान जिसका कुल निर्मित रकबा 750 वर्गफुट जो की भूखंड भूमि सर्वे नंबर 13/2 /1 /1 /1 /1 , 296/13 का भाग क्रय रकबा 750 वर्गफीट जिसमें नामांतरण करने के बाद एवं हिस्सा 7/6366 यानि 750 वर्गफ़ीट में बने दो मंज़िला मकान जिसके पूर्व में कटारे जी का मकान पश्चिम में 20 फ़ीट चौडा रास्ता उत्तर में नागेंद्र तोमर का मकान और दक्षिण में विष्णु यादव का रिक्त भूखंड स्थित है जो कि वैशाली नगर शेरपुर तहसील व जिला सीहोर मध्य प्रदेश में स्थित है को क्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर मेरे पक्षकार क्रेता ने विक्रेता को बयाना राशि अदा कर दी गयी है, इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, व अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति का अन्य दान, हिबा, हस्तांतरण, आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 10 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज़ो के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्यात मेरे पक्षकार क्रेता, उपरोक्त संपत्ति के शेष राशि का भुगतान विक्रेता को अदा कर विक्रय पंजीयन पत्र निष्पादित करवा लेगा और ऐसी स्थिति कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार क्रेता पर बंधन कारी नहीं होगा।

भवदीय
विलक्षण सक्सेना (अधिवक्ता)
पता-22 विचित्र विला प्रोफेसर कॉलोनी
भोपाल मध्यप्रदेश-462002
दूरभाष क्र. 7879652007, 9425017479


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर (म.प्र.)

E-Mail :- sdoftsehore@mp.gov.in, Mob. No. 9424790851

**विज्ञप्ति**

क्रमांक/शिविर/05 — सीहोर/दिनांक/02/01/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5(1)15 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52,41 के अन्तर्गत जप्त किए गये हैं, कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नही हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात/अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अत: विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी/उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.)सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहनों में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहनों को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक/आरोपी का नाम/पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 42243/09 15.12.2024 | मोटर साइकिल हीरो डीलक्स। | बिना नम्बर, चेचिस,इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | वीरपुरा से अलीपुर के रास्ते पर वाहन मोटर साइकिल हीरो डीलक्स द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 2 | 42245/02 20.12.2024 | मोटर साइकिल हीरो सी.डी. डीलक्स। | बिना नम्बर, चेचिस,इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | बाराखम्बा से नीलबड़ के रास्ते पर वाहन मोटर साइकिल हीरो सी.डी. डीलक्स द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 3 | 42243/10 25.12.2024 | मोटर साइकिल होण्डा 125 ओटिमेक्स। | बिना नम्बर, चेचिस,इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती काष्ठ का अवैध परिवहन। | मण्डलगढ़ से बीट नादान की ओर वाहन मोटर साइकिल होण्डा 125 ओटिमेक्स द्वारा सागौन इमारती काष्ठ का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 4 | 42245/03 25.12.2024 | मोटर साइकिल हीरो सी.डी. डीलक्स। | बिना नम्बर | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | कक्ष क्रमांक आर.एफ. 221 अनघाटा से बोरदीखुर्द ग्राम मार्ग पर वाहन मोटर साइकिल हीरो सी.डी. डीलक्स द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 5 | 42105/22 26.12.2024 | बोलेरों पिकअप सफेद रंग। | MP-38-G-1150 | (वाहन मालिक) धर्मेन्द्र अवासे आ. नवल सिंह अवासे नि.ग्राम बोरदद स्थयत् पुनासा, खण्डवा। | सागौन इमारती काष्ठ का अवैध परिवहन। | रात्रि गश्ती के दौरान मुखबिर सूचना पर धामनी से भीलखेड़ा रास्ते पर वाहन बोलेरों पिकअप द्वारा सागौन इमारती काष्ठ का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |

जी/21328/25

(राजेश शर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी/
उपवनमंडलाधिकारी (सा.) सीहोर

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com